

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. डीएलपी 1144/2019-21


5 आयुष शेट्टी एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में... | सम्पादकीय सीमा से परे सीखनाः आयु सिर्फ एक... | स्विगी के को-फाउंडर लक्ष्मी रेड्डी ने इस्तीफा दिया 5

वर्ष 14 अंक 43 E-mail: dholpur@hotmail.com जयपुर, रविवार 12 अप्रैल 2026 ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## 'बंगाल में भाजपा के बढ़ते समर्थन को देखते हुए टीएमसी घबरा गई है : पीएम मोदी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** आगामी राज्य चुनावों से पहले राजनीतिक माहौल को गरमाते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) 'सिंडिकेट' पर कड़ी कानूनी कार्रवाई का वादा किया।

पूर्व बर्धमान में एक विशाल रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने घोषणा की कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार टीएमसी के 15 साल के शासनकाल में कथित भ्रष्टाचार का व्यापक लेखा-जोखा प्रस्तुत करने के लिए एक 'श्वेत पत्र' जारी करेगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने टीएमसी के नेतृत्व पर सीधा निशाना साधते हुए मंत्रियों और स्थानीय विधायकों की मिलीभगत से सुनियोजित तरीके से हुई लूट का आरोप लगाया।



प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'भाजपा टीएमसी के विधायकों, मंत्रियों और गिरोहों से जुड़े भ्रष्टाचार का कानूनी लेखा-जोखा सुनिश्चित करने के लिए श्वेत पत्र लाएगी। इसमें सरकार के 15 वर्षों का पूरा ब्यौरा होगा। भाजपा सरकार के तहत ऐसे हर अपराध को रोकने के लिए सख्त कार्रवाई की जाएगी।' उन्होंने केरल में एनडीए के 'भारी जनादेश' की भविष्यवाणी भी की और कहा कि उनकी रैलियों में महिलाओं की उच्च ऊर्जा और भागीदारी स्पष्ट संकेत हैं कि भाजपा पश्चिम बंगाल में 'लगातार जीत की ओर बढ़ रही है '।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'जहां भी भारी मतदान हुआ है और महिलाओं की मजबूत भागीदारी रही है, वहां भाजपा-एनडीए को भारी जनादेश मिला है। केरल में स्थिति ऐसी है कि एलडीएफ और यूडीएफ दोनों ही जीत का दावा नहीं कर रहे हैं। बंगाल में भी भाजपा जीत की ओर तेजी से बढ़ रही है। आपका उत्साह और ऊर्जा ही सफलता सुनिश्चित करेगी। ' महिलाओं के महत्वपूर्ण वोटों को एकजुट करने के प्रयास में - एक ऐसा जनसांख्यिकीय समूह जिसने परंपरागत रूप से ममता बनर्जी का समर्थन किया है - प्रधानमंत्री ने एक बड़ी वित्तीय प्रतिज्ञा की।प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, 'बंगाल में भाजपा के बढ़ते समर्थन को देखते हुए टीएमसी घबरा गई है और झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रही है। आप निश्चिंत रहें कि भाजपा उनके भ्रष्टाचार के अड्डे को बंद कर देगी। मैं विशेष रूप से बंगाल की सभी बहनों और बेटियों को आश्वस्त करने आया हूं कि भाजपा ने महिलाओं के लिए 23,000 रुपये प्रति माह की घोषणा की है। '

उन्होंने टीएमसी पर भाजपा द्वारा मौजूदा योजनाओं को रद्द करने के इरादे के बारे में गलत सूचना फैलाने का आरोप लगाया और जोर देकर कहा कि उनकी पार्टी बिचौलियों को हटाकर लाभों के वितरण को मजबूत करेगी।

उन्होंने कहा, 'बंगाल की जनता का भाजपा के प्रति प्रेम देखकर टीएमसी घबरा गई है। इसीलिए टीएमसी आपसे झूठ बोल रही है। टीएमसी कह रही है कि अगर भाजपा सत्ता में आई तो यह योजना बंद हो जाएगी, वह योजना बंद हो जाएगी। सच्चाई यह है कि भाजपा कुछ भी नहीं रोकेगी...भाजपा सिर्फ भ्रष्टाचार की दुकान बंद करेगी।

## वृंदावन हादसा :11 श्रद्धालुओं की मौत

आर.एन.एस

**मथुरा।** वृंदावन में नाव हादसे में 11 श्रद्धालुओं की मौत हो चुकी है। अब तक 22 लोगों को रेस्क्यू किया गया है। जबकि, 4 लोग लापता हैं। शनिवार को दूसरे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन चल रहा है। आर्मी समेत 250 लोगों की टीम इस ऑपरेशन में लगी हुई है। 14 किमी के दायरे में लापता लोगों की तलाश की जा रही है।

एक शव देवरहा बाबा घाट के पास से बरामद किया गया। बेटे की लाश देखकर बुजुर्ग पिता रो पड़े। परिवार वालों ने उन्हें ढांढस बंधाया। बाकी लापता अब तक क्यों नहीं मिल पाए? इस सवाल पर रेस्क्यू में जुटे अफसर ने बताया कि यमुना का बहाव तेज है, इसलिए लोग बहकर दूर जा सकते हैं। नदी में गाद (कीचड़) और रेत में शव दबे हो सकते हैं। 24 घंटे बाद शव फूलकर ऊपर आ सकते हैं।



हादसा शुक्रवार दोपहर 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी नाव पलट गई थी। घाट बांके बिहारी मंदिर से करीब 2 किमी दूर है। मृतकों में मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा समेत एक ही परिवार के 7 लोग शामिल हैं।

जिस जगह हादसा हुआ, वहां 25 फीट गहरा पानी है। शुरुआती जांच में पता चला है कि नाव की क्षमता 40 श्रद्धालुओं की थी। किसी भी श्रद्धालु को नाविक ने लाइफ जैकेट नहीं दी थी। पांटून पुल की रिपेयरिंग कर रहे लोगों और अन्य नाविकों ने कुछ लोगों को बचाया। बाद में प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू शुरू किया।

## महिला आरक्षण कानून को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए : थरूर

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता शशि थरूर ने कहा कि महिला आरक्षण कानून में होने वाले संशोधन को राजनीतिक हथियार की तरह इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। ताकि संघवाद कमजोर न हो और संसद की गरिमा को ठेस न पहुंचे।

संसद में 16 अप्रैल से होने वाले विशेष सत्र से पहले थरूर ने आरोप लगाया कि सरकार 3 दिन के सत्र का इस्तेमाल राज्य चुनावों से पहले राजनीतिक लाभ लेने और 2029 लोकसभा चुनाव से पहले परिसीमन की तैयारी के लिए कर रही है।

थरूर ने ङ्ग पर लिखा कि कांग्रेस हमेशा से महिलाओं के लिए 33% आरक्षण की समर्थक रही है। 2013 में कांग्रेस ने ही यह बिल पेश कर राज्यसभा से पास कराया था, लेकिन मौजूदा सरकार का रवैया चिंताजनक है।

इससे पहले शुक्रवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी। इसमें सरकार के प्रस्तावित संशोधनों पर आपत्ति जताई गई।



2023 के कानून में साफ लिखा है कि महिला आरक्षण जनगणना और परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन यानी जनसंख्या के आधार पर लोकसभा और विधानसभा सीटों की संख्या और सीमाएं तय करना।

जनगणना के आंकड़ों के आधार पर एक आयोग सीटों का बंटवारा तय करता है। आखिरी बार परिसीमन 2002-2008 के बीच हुआ था, जो 1971 की जनगणना के आधार पर था।

सरकार लोकसभा सीटें 543 से बढ़ाकर 816 करना चाहती है। इससे ज्यादा आबादी वाले राज्यों (क्च बिहार, मध्य प्रदेश) की सीटें बढ़ेंगी। दक्षिण भारत के राज्यों (जैसे तमिलनाडु, केरल) को डर है कि उनकी सीटों का अनुपात कम हो जाएगा।

अगर कुछ राज्यों की सीटें ज्यादा बढ़ती हैं, तो संसद में उनका प्रभाव भी बढ़ेगा। इससे क्षेत्रीय संतुलन बिगड़ सकता है। यही विपक्ष की बड़ी चिंता है।

## 12 राज्यों-यूटी में एसआईआर 6.08 करोड़ लोगों के नाम कटे

आर.एन.एस

नई दिल्ली। चुनाव आयोग के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के दूसरे फेज के तहत शुक्रवार को उत्तर प्रदेश में फाइनल वोटर लिस्ट जारी की गई। इसके पूरा होने के बाद 9 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों की वोटर लिस्ट में कुल 6.08 करोड़ नाम कम हुए हैं।

पिछले साल 27 अक्टूबर को एसआईआर शुरू होने से पहले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल मतदाता करीब 51 करोड़ थे। फाइनल लिस्ट के बाद यह संख्या 44.92 करोड़ रह गई। एसआईआर के दूसरे फेज में उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, राजस्थान, छत्तीसगढ़, केरल, गुजरात, मध्य प्रदेश, गोवा समेत पुडुचेरी, अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप की फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश की गई है। उत्तर प्रदेश में एसआईआर की फाइनल लिस्ट में वोटर्स 13% घटकर 13.39 करोड़ रह गए हैं। यानी 2.04 करोड़ नाम कट गए हैं, वहीं पश्चिम बंगाल में भी करीब 91 लाख नाम बाहर हुए।



चुनाव आयोग ने 24 जून 2025 को देशभर में स्ढ्ढक्र कराने का आदेश दिया था। अब तक 10 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश कवर हुए। पहले फेज में बिहार, दूसरे में 9 राज्य और 3 केंद्र शासित प्रदेश शामिल थे। असम में स्ढ्ढक्र के बजाय 10 फरवरी को स्पेशल रिवीजन पूरा हुआ था।

इस प्रक्रिया के दौरान कई राज्यों में शेड्यूल में बार-बार बदलाव हुए। तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में राजनीतिक दलों ने इसे चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट का रुख किया।

देश के करीब 99 करोड़ मतदाताओं में से 60 करोड़ शामिल किए जा चुके हैं। बाकी 39 करोड़ को तीसरे फेज में 17 राज्यों और 5 केंद्र शासित प्रदेशों में कवर किया जाएगा। इन 22 राज्यों-ञ्ज में प्रक्रिया इस महीने पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों के बाद शुरू होगी।

पश्चिम बंगाल में SIR के दौरान करीब 91 लाख नाम हटाए गए।

## दिल्ली में 50 हजार की इनामी महिला ड्रग तस्कर अरेस्ट

### पुलिस ने 200 सीसीटीवी और 100 मोबाइल खंगाले

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शाहदरा से 'ड्रग्स क्वीन' के नाम से मशहूर कुसुम को अरेस्ट किया। उस पर 50 हजार रुपए का इनाम था। शाहदरा पुलिस के मुताबिक, वह दो महीने से कुसुम की तलाश कर रही थी और गुरुवार को जब वह शाहदरा आई, तो पुलिस ने घेराबंदी कर उसे गिरफ्तार कर लिया। मीडिया को जानकारी शनिवार को दी।

इसे अरेस्ट करने के लिए पुलिस ने 200 से अधिक सीसीटीवी और 100 से ज्यादा मोबाइल फोन के कॉल रिकॉर्ड तलाशे।

कुसुम पर 2003 से 2024 के बीच एनडीपीएस एक्ट (ड्रग्स से जुड़े मामलों) के तहत 11 केस दर्ज हैं। पुलिस ने यह भी बताया कि कुसुम लगातार ठिकाने बदलती रहती थी। कई बार पुलिस के पहुंचने से कुछ मिनट पहले ही वह फरार हो जाती थी। वह स्मार्टफोन का इस्तेमाल नहीं करती थी और बार-बार सिम कार्ड बदलती रहती थी।

ड्रग्स के व्यापार में कुसुम के साथ उसकी बेटियां भी शामिल थीं। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, उसकी बेटियां दीपा और चीकू को पुलिस ने पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। इसके अलावा उसका भाई हरिओम और सहयोगी रवि भी उसके साथ पकड़े गए।

कुसुम ने दिल्ली के सुल्तानपुरी इलाके से छोटे स्तर पर ड्रग्स बेचने का काम शुरू किया था। रोहिणी कोर्ट ने उसे भगोड़ा घोषित किया था। कुसुम दिल्ली से कई राज्यों में ड्रग्स का नेटवर्क चला रही थी। गिरफ्तारी के बाद भी उसने भागने की कोशिश की, लेकिन उसे पकड़ लिया गया।

## भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं : सूर्यकांत

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भारत को 10 ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने के लिए सिर्फ पूंजी और पॉलिसी काफी नहीं होंगी। इसके लिए मजबूत और भरोसेमंद कानूनी व्यवस्था भी उतनी ही जरूरी होगी। निवेशकों का भरोसा इसी पर टिका होता है।

जस्टिस सूर्यकांत शनिवार को बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के 'रूल ऑफ लॉ कन्वेंशन 2026' में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ एक लक्ष्य नहीं, बल्कि देश के भविष्य से जुड़ा बड़ा सवाल है और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता।

उन्होंने भरोसा जताया कि देश इस चुनौती को पूरा करेगा, लेकिन इसके लिए कानून की गुणवत्ता, स्थिरता और पारदर्शिता जरूरी होगी, क्योंकि इसी पर आर्थिक वादों और निवेश का आधार टिका होता है।

भारत को लंबी अवधि के निवेश की जरूरत सीजेआई ने कहा कि अब भारत को ऐसे निवेश की जरूरत है जो जल्दी मुनाफा कमाने के लिए नहीं, बल्कि लंबे समय तक टिके रहने वाले हों और भरोसे पर आधारित हों।



जैसे इंफ्रास्ट्रक्चर में पेंशन फंड का पैसा लगाना, टेक कंपनियों का अपना ज्ञान साझा करना या बड़ी विदेशी कंपनियों का सप्लाई चेन बनाना- ये सब लंबे समय की जिम्मेदारियां होती हैं।

उन्होंने कहा कि निवेशक सबसे पहले ये देखते हैं कि जिस देश में वे पैसा लगा रहे हैं, वहां का कानून आगे भी ईमानदार, स्थिर और भरोसेमंद रहेगा या नहीं। उनके मुताबिक असली बात सिर्फ कॉन्ट्रैक्ट निभाने की नहीं है, बल्कि पूरे रिश्ते में भरोसा बनाए रखने की है।

उन्होंने ये भी बताया कि पिछले 20 साल में बिजनेस विवादों का नेचर बदल गया है। पहले झगड़े आम तौर पर पेमेंट या सामान की सप्लाई जैसे सीधे मुद्दों पर होते थे, लेकिन अब ये लंबे और जटिल कारोबारी रिश्तों से जुड़े होते हैं, क्योंकि अर्थव्यवस्था भी बड़ी और जटिल हो गई है।

## मणिपुर में बंगाल के बीएसएफ जवान की गोली मारकर हत्या

आर.एन.एस

नई दिल्ली। मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को पेट्रोलिंग ड्यूटी पर तैनात बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स के एक कांस्टेबल की गोली मारकर हत्या कर दी गई। अधिकारियों के मुताबिक कांस्टेबल मिथुन मंडल को शाम करीब 4:30 बजे गोली लगी।

गोली लगने के बाद उन्हें तुरंत इंफाल के अस्पताल ले जाया गया, जहां शाम करीब 6 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया। अधिकारियों ने बताया कि मिथुन मंडल पश्चिम बंगाल के भगजन टोला गांव के रहने वाले थे और 170 बटालियन क्चस्स्न में तैनात थे।

फरवरी में दो समुदायों के बीच हुई जातीय झड़पों के बाद कुकी गांव मोंगकोट चेपू और पड़ोसी तांगखुल नागा इलाके में गोलीबारी की घटनाएं होती रही हैं। यहां जारी तनाव के बीच पेट्रोलिंग कर रहे क्चस्स्न जवान पर यह हमला हुआ है।

मणिपुर पुलिस ने बयान जारी कर कहा कि हमले के पीछे शामिल लोगों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बल इलाके में सर्च ऑपरेशन और तलाशी अभियान चला रहे हैं। फिलहाल हमलावरों की पहचान सार्वजनिक नहीं की गई है।

मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह ने कहा- कांस्टेबल मिथुन मंडल की दुखद शहादत की कड़ी निंदा करता हूं। पश्चिम बंगाल के इस बहादुर बेटे के ड्यूटी के दौरान दिए गए बलिदान को कभी नहीं भुलाया जाएगा।

## महाराष्ट्र के मंत्री का हेलिकॉप्टर कार पार्किंग में उतरा

आर.एन.एस

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मंत्री छगन भुजबल का हेलिकॉप्टर शनिवार सुबह पुणे के पुरंदर इलाके में हेलीपैड से एक किलोमीटर दूर पार्किंग एरिया पर उतर गया। यह जगह हेलिपैड के लिए तय नहीं थी, जिससे सुरक्षा प्रोटोकॉल का उल्लंघन हुआ।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह घटना उस समय हुई जब भुजबल पुणे में ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती के कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। यह हेलिकॉप्टर उन्होंने किराए पर लिया था। घटना में किसी के घायल होने या अन्य नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

हेलिकॉप्टर की लैंडिंग का वीडियो भी सामने आया है, जिसमें दिखा कि पार्किंग एरिया में कई कार कतार में खड़ी थी। वहीं पर गाड़ियों के सामने हेलिकॉप्टर की लैंडिंग की गई। इस दौरान धूल का एक बड़ा गुबार उठता हुआ दिखाई दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, घटना को लेकर भुजबल ने बताया, 'पायलट ने पार्किंग एरिया पर गलत जगह लैंडिंग की। हम सभी सुरक्षित हैं।' पायलट, क्रू मेंबर या हेलिकॉप्टर ऑपरेट करने वाली कंपनी की ओर से अभी तक कोई बयान नहीं आया है।



वहीं पुणे ग्रामीण पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि वे इस मामले की रिपोर्ट नागरिक उड्डयन महानिदेशालय को देंगे और पायलट के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

नियम के मुताबिक, जब भी किसी हेलिकॉप्टर को किसी विशेष क्षेत्र में उतरना होता है, तो स्थानीय लोक निर्माण विभाग हेलिकॉप्टर के क्रू मेंबर को निर्देश देता देता है।

पुणे जिला पुलिस ने बताया कि उन्होंने हेलीपैड तैयार किया था और क्रू मेंबर को इसकी जानकारी थी, लेकिन उन्होंने इसे नजरअंदाज कर दिया।

## मोदी-राहुल की बातचीत का वीडियो वायरल

### संसद परिसर में दोनों ने हाथ जोड़कर अभिवादन किया

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के बीच बातचीत का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल है। वीडियो में दोनों के बीच हल्की-फुल्की बातचीत होती दिखाई दी। यह वीडियो शनिवार को संसद परिसर का है, जहां दोनों नेता समाज सुधारक महात्मा ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती पर श्रद्धांजलि देने पहुंचे थे। वीडियो में दिख रहा है कि मोदी वहां मौजूद नेताओं राहुल, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा और अर्जुन राम मेघवाल से मिले और अभिवादन स्वीकार किया। इसके बाद मोदी राहुल गांधी के पास रुके हैं और उनसे बातचीत की। लोकसभा चुनाव के बाद 26 जून 2024 को लोकसभा में ओम बिरला को स्पीकर चुना गया। मोदी, राहुल गांधी स्पीकर बिरला को अध्यक्षीय आसन तक लेकर गए। इस दौरान ओम बिरला से हाथ मिलाने के बाद पीएम मोदी और राहुल गांधी ने एक-दूसरे से भी हाथ मिलाया।



## राजस्थान-छत्तीसगढ़ में तापमान 40 डिग्री के पार पहुंचेगा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** देशभर में गर्मी बढ़ने लगी है। शुक्रवार को राजस्थान के बाड़मेर में दिन का तापमान 37.5एष्ट तक पहुंचा। मौसम विभाग के मुताबिक राज्य में अगले दो दिन में दिन का तापमान 40एष्ट के पार जा सकता है।

छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, रायपुर और दुर्ग संभाग में दिन का तापमान 42एष्ट से ज्यादा जा सकता है। यहां हीटवेव की स्थिति बन सकती है। दिन के साथ ही रात का तापमान भी तेजी से बढ़ेगा।

मध्य प्रदेश में आंधी-बारिश थमते ही गर्मी बढ़ने लगी है। शुक्रवार को ज्यादातर शहरों में दिन के पारे में 1 डिग्री से 5.4 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई। रतलाम में सबसे ज्यादा 5.4 डिग्री की बढ़ोतरी हुई। हालांकि, हीटवेव का अलर्ट नहीं है।



इधर, आंध्र प्रदेश में 5 दिन समुद्री तूफान का अलर्ट है। उत्तर से दक्षिण की ओर बनी ट्रफ लाइन बनी रही, जो ओडिशा से गल्फ ऑफ मन्नार तक फैली हुई है। इसका असर तमिलनाडु, पुडुचेरी, तेलंगाना में भी रहेगा।

## लखनऊ में दुबई से आ रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** लखनऊ एयरपोर्ट पर शनिवार सुबह दुबई से काठमांडू जा रहे विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। काठमांडू में मौसम खराब होने पर वहां लैंडिंग की परमिशन नहीं मिली। उसके बाद पायलट ने लखनऊ एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को कॉल किया और लैंडिंग की अनुमति मांगी।

अनुमति मिलने के बाद विमान को सुबह 8:22 बजे अमौसी एयरपोर्ट पर सुरक्षित उतारा गया। फ्लाई दुबई की फ्लाइट (एफजेड-1133) में 154 यात्री सवार थे। तकनीकी टीम ने विमान की जांच की। अब उसमें ईंधन भरा गया। करीब डेढ़ घंटे बाद सुबह 10 विमान को काठमांडू के लिए रवाना कर दिया गया।

फ्लाई दुबई के टिकट अन्य कंपनियों की अपेक्षा किफायती माने जाते हैं। 2008 में दुबई सरकार के सहयोग से यह कंपनी शुरू की गई थी। इसका मुख्यालय दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर है। फ्लाई दुबई मध्य पूर्व, एशिया, यूरोप, अफ्रीका के कई शहरों के लिए विमान सेवा चला रही है। भारत के कई शहरों से भी इसकी सीधी उड़ानें उपलब्ध हैं।




लखनऊ में इससे पहले 31 मार्च को एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। फ्लाइट पश्चिम बंगाल के बागडोगरा से दिल्ली जा रही थी। सूत्रों के मुताबिक, फ्लाइट यूपी के अंबेडकरनगर के ऊपर थी, तभी पायलट के केबिन में धुआं महसूस हुआ। उस समय फ्लाइट 36 हजार फीट की ऊंचाई पर थी।

# अमेज़न ने ग्राहकों की सुरक्षा मजबूत करने के लिए काउंटरफीट क्राइम्स यूनिट लॉन्च की

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**नई दिल्ली।** आज अमेज़न ने भारत में अपनी काउंटरफीट क्राइम्स यूनिट (सीसीयू) शुरू की जिससे ग्राहकों और ब्रांड्स को नकली उत्पादों से सुरक्षित रखने की कंपनी की वैश्विक प्रतिबद्धता मजबूत होती है। इस यूनिट में अमेज़न के स्थानीय एक्सपर्ट भारतीय ब्रांड्स, सैलर्स और कानून प्रवर्तन एजेंसियों के साथ मिलकर काम करेंगे और नकली उत्पादों और फर्जी गतिविधियों से निपटकर भारत के तेजी से बढ़ते हुए ई-कॉमर्स सेक्टर में ग्राहकों का भरोसा मजबूत बनाएंगे। भारत में सीसीयू की शुरुआत बाजार की अखंडता को बनाए रखने और अमेज़न.इन पर ग्राहकों व सैलर्स को सुरक्षा प्रदान करने की अमेज़न की प्रतिबद्धता प्रदर्शित करती है। यह यूनिट नकली लिस्टिंग को खोजकर उसे हटाएगी, बौद्धिक संपदा की सुरक्षा करेगी और उद्योग संगठनों और सरकारी हितधारकों के सहयोग से गलत काम करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। यह पहल भारत में अमेज़न की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के अनुरूप है, जिसके अंतर्गत साल 2030 तक देश में कंपनी के बिज़नेस में 35 बिलियन डॉलर से अधिक निवेश करने की योजना है।

अमेज़न की काउंटरफीट क्राइम्स यूनिट के डायरेक्टर, केभरू स्मिथ ने कहा, ''हमारे स्टोर में विश्वास स्थापित करने और सैलर्स को सुरक्षा देने के लिए ग्राहकों और ब्रांड्स को नकली वस्तुओं से बचाना बहुत जरूरी है। हमारे ग्लोबल एंटी-काउंटरफीटिंग के प्रयासों से लाखों डॉलर के नुकसान को रोकने में मदद मिल चुकी है। भारत में सीसीयू की शुरुआत के साथ हम अमेज़न.इन पर ग्राहकों, ब्रांड्स और सैलर्स को सुरक्षा देने की उसी प्रतिबद्धता और विशेषज्ञता के साथ काम करेंगे। हम आधुनिक टेक्नोलॉजी, समर्पित टीमों और ब्रांड्स एवं कानून प्रवर्तन संस्थाओं के साथ गहरी साझेदारी की मदद से भारत में जमीनी स्तर पर गलत काम करने वालों के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। इससे ग्राहकों, सैलर्स और ब्रांड्स के लिए एक सुरक्षित मार्केटप्लेस का निर्माण होगा।'' अमेज़न ने विश्व में ब्रांड सुरक्षा अभियानों में भारी निवेश किया है, जिसमें एडवांस्ड मशीन लर्निंग एलगोरिद्म, समर्पित जांच टीमों और सहयोगपूर्ण टूल्स तथा ब्रांड रजिस्ट्री प्रोग्राम में किया गया निवेश शामिल है। सीसीयू के माध्यम से अमेज़न.इन पर लिस्टेड सैलर्स और ब्रांड्स को ये क्षमताएं उपलब्ध हो सकेंगी। यह पहल भारत में अमेज़न द्वारा चलाए जा रहे मौजूदा ग्राहक सुरक्षा कार्यक्रमों को और अधिक मजबूत बनाएगी।

जिनमें ऑनलाइन धोखाधड़ी और घोटालों एबाउट अमेज़न ब्लॉग'को रोकने के लिए इंडियन साइबरक्राईम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई4सी) के साथ साझेदारी में शुरू किया गया।

# आरआईसी में 'नाईन डॉट स्क्वायर्स' एग्जीबिशन

## प्रतिभागियों ने डिज़ाइन व शिल्प पर आधारित वर्कशॉप्स में बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर, 11 अप्रैल। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आरआईसी) में चल रही तीन दिवसीय क्यूरेटेड डिज़ाइन और डेकोर एग्जीबिशन 'नाईन डॉट स्क्वायर्स' के चौथे संस्करण का शनिवार को दूसरा दिन रहा। एग्जीबिशन के दूसरे दिन आर्ट, डिजाइन और डेकोर प्रेमियों की भारी भीड़ देखने को मिली। विजिटर्स ने हैंडक्राफ्टेड लक्ज़री एवं मॉर्डन फर्नीचर, इनोवेटिव वॉल और सर्फेस मटेरियल्स, फर्निशिंग्स और कलेक्टिबल आर्ट पीसेज में काफी रूचि दिखाई। कई स्टॉल्स पर विजिटर्स डिज़ाइन की बारीकियों को समझते, डिजाइनर्स से संवाद करते और उभरते हुए नए ट्रेंड्स के बारे में जानकारी हासिल करते नजर आए, जिससे एग्जीबिशन के दौरान खासा उत्साह का माहौल बना रहा। विजिटर्स के लिए एग्जीबिशन 12 अप्रैल, रविवार तक सुबह 11 बजे से लेकर रात 9 बजे तक रहेगी। यह जानकारी 'नाईन डॉट स्क्वायर्स' की फाउंडर व क्यूरेटर, रितु खंडेलवाल ने दी। नाईन डॉट स्क्वायर्स' के फाउंडर प्रमोटर, रमेश अग्रवाल ने बताया कि एग्ज़ीबिशन में एक खास नवाचार राजस्थान की कंपनी लक्स्चर सर्फेस एंड कोटिंग्स द्वारा प्रस्तुत 'लक्सफोम' और 'फ्लेक्सीक्लैड' जैसे इनोवेटिव सर्फेस मटेरियल्स के साथ इटैलियन और भारतीय लाइम-बेस्ड पेंट फिनिशेस की विस्तृत रेंज विज़िटर्स को खासा आकर्षित कर रही है। 'लक्सफोम' सेक्शन में पिलर्स, आर्च, विंडो फ्रेम्स, म्यूरल्स और 3डी वेव वॉल्स जैसे डिज़ाइन्स विशेष रूप से लोगों की पसंद बन रहे हैं, जो आधुनिक इंटीरियर में सौंदर्य और टेक्सचर का अनूठा संगम प्रस्तुत करते हैं।वहीं 'फ्लेक्सीक्लैड' में पॉलीमर और क्ले से तैयार सर्फेस मटेरियल्स की विविध रेंज प्रदर्शित की गई है। इसमें 'बैम्बू मैट', 'क्यूबो रॉक', 'कॉर्ड रिपल' और 'रैटन कैन' जैसे अनोखे और आकर्षक मटेरियल्स विज़िटर्स का ध्यान खींच रहे हैं। इन डिज़ाइनों में प्राकृतिक लुक और आधुनिक तकनीक का बेहतरीन मेल देखने को मिलता है। इसके अतिरिक्त, प्रीमियम वॉलपेपर कलेक्शन के जरिए विज़िटर्स ने विभिन्न टेक्सचर, फिनिश और उनके उपयोग को नज़दीक से समझा। फ्लोर फर्निशिंग का कलेक्शन भी काफी पसंद किया जा रहा है। एग्जीबिशन में प्रदर्शित कलेक्शन न केवल इंटीरियर डेकोर को एक नया आयाम प्रदान करता है, बल्कि स्पेस को अधिक जीवंत, स्टाइलिश और व्यक्तिगत टच प्रदान करने की संभावनाएं भी प्रस्तुत करता है। 'नाईन डॉट स्क्वायर्स' की को-क्यूरेटर, सगुना वाधवा ने बताया कि दिनभर आयोजित वर्कशॉप्स ने एग्ज़ीबिशन को और भी इंटरएक्टिव और अनुभवात्मक बना दिया। पहली वर्कशॉप 'अनस्टक - द क्रिएटिव ब्रेकआउट एक्सपीरियंस' पर आधारित थी।




# जेपीएचएस का रजत जयंती समारोह भव्यता के साथ संपन्न

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयश्री पेड़ीवाल हाई स्कूल का भव्य रजत जयंती समारोह शैक्षिक उत्कृष्टता, दूरदृष्टि और अटूट समर्पण के गौरवशाली वर्षों को समर्पित एक अद्वितीय आयोजन के रूप में संपन्न हुआ। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विद्यालय की आदरणीय संस्थापक अध्यक्षा डॉ. जयश्री पेड़ीवाल की गरिमामयी उपस्थिति विशेष रही। उनके अथक प्रयास और दूरदर्शी नेतृत्व ने संस्थान की गौरवपूर्ण यात्रा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम का शुभारंभ एक भावपूर्ण प्रार्थना नृत्य के साथ हुआ जिसके पश्चात विद्यालय के रजत जयंती लोगो का जयश्री मैम एवं प्रधानाचार्या मधु मैनीं द्वारा अनावरण किया गया। वरिष्ठ उप-प्रधानाचार्या सजना मॉरिस द्वारा रचित रजत जयंती गीत द्वारा विद्यालय की भावना और मूल्यों को मधुर स्वर में अभिव्यक्त किया गया। डॉ. जयश्री पेड़ीवाल को विद्यालय द्वारा उनके दूरदर्शी नेतृत्व और संस्थान की स्थायी विरासत के निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। उनके संघर्ष और त्याग की शौर्य गाथा समस्त विद्यार्थियों के लिस प्रेरणा का स्त्रोत है। जेपी स्कूल्स के संस्थापक निदेशक श्री रुपेंद्र पेड़ीवाल को भी इस गौरवपूर्ण यात्रा में उनके असाधारण योगदान के लिए सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सहायक विद्यालयों की प्रमुख मनीषा राजदान एवं मन्जू खोसला की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को बढाया।

कार्यक्रम में भावनात्मक स्पर्श जोड़ते हुए संस्थान की प्रथम शिक्षिका सुश्री सुमिता कौशिक ने एक हृदयस्पर्शी कविता का पाठ किया, जिसने सभी को मधुर स्मृतियों में डुबो दिया। समारोह में 'दिल से दिल तक' नामक एक विशेष और बातचीत का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यालय की पूर्व छात्रा, प्रख्यात ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. रोलिका बंसल और हैड बॉय राघव सिंघल ने चेयरपर्सन के साथ एक भावपूर्ण संवाद किया। अपने संबोधन में डॉ. पेड़ीवाल ने शिक्षकों के अथक परिश्रम की सराहना की और प्रधानाचार्या श्रीमती मधु मैनी के 25 वर्षों के निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और उत्कृष्ट नेतृत्व की विशेष प्रशंसा की।



# महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती पर गूंजा सामाजिक परिवर्तन का शंखनाद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे के घूमचक्कर स्थित सैनी मंदिर परिसर में गुरुवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती सैनी समाज अध्यक्ष केदारनाथ सैनी के अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भगवाना राम सैनी थे। मंदिर कमेटी अध्यक्ष बीरबल सैनी के नेतृत्व में उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक भगवानाराम सैनी ने सर्व समाज को संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा फुले के विचार आज के दौर में और भी अधिक प्रासंगिक हैं। उन्होंने कहा कि समाज को पुरानी तथा खोखली परंपराओं से मुक्त होना होगा।शादियों और सामाजिक आयोजनों में होने वाले अनावश्यक खर्चों को रोककर उस धन का उपयोग शिक्षा में किया जाए। हर बच्चे के हाथ में किताब होनी चाहिए, क्योंकि शिक्षा ही उन्नति का एकमात्र रास्ता है। सामाजिक समरसता को बनाए रखते हुए राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। सर्व समाज के लोगों ने एक जाजम पर समाज की एकजुटता दिखाई, बल्कि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एक निर्णायक संदेश भी दिया। मंच संचालन बनवारी लाल सैनी ने अपनी ओजस्वी शैली में किया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के संघर्षों को याद कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सैनी समाज अध्यक्ष केदारमल सैनी ने कहा कि शिक्षा और संस्कार ही वो नींव हैं, जिस पर एक सशक्त समाज की इमारत खड़ी होती है।

# बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज में महिलाओं एवं छात्राओं की सुरक्षा और आत्मविश्वास को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आत्मरक्षा कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यशाला रोटरी क्लब जयपुर एवं रोटरी सेल्फ-डिफेंस अकादमी की टीम द्वारा संचालित की गई।

कार्यक्रम के दौरान बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के डायरेक्टर डॉ. संजय बियानी ने अपने संबोधन में कहा, 'डर से मुक्त होना ही जीवन है। आज के समय में आत्मरक्षा का ज्ञान हर छात्रा के लिए आवश्यक है। यह केवल शारीरिक सुरक्षा नहीं, बल्कि मानसिक रूप से सशक्त बनने का माध्यम भी है। '

इसके पश्चात रोटरी क्लब जयपुर की अध्यक्ष आरटीएन. डॉ. पल्लवी सिंघवी ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा, 'यह समय ब्रेन, नॉलेज और अवेयरनेस का है। आप सभी छात्राएं भाग्यशाली हैं कि आपको इस प्रकार का प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है। बढ़ते अपराधों को देखते हुए हर लड़की का सजग और सक्षम होना अत्यंत आवश्यक है। '

कार्यशाला में रोटरी क्लब जयपुर के अध्यक्ष आरटीएन.सी दुर्गेश पुरोहित एवं सचिव रोटेरियन आर.सी. गुप्ता सहित टीम के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। विशेषज्ञ प्रशिक्षकों ने आत्मरक्षा के विभिन्न तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं पर विस्तार से प्रशिक्षण दिया।

प्रशिक्षकों ने बताया कि आत्मरक्षा का अर्थ केवल संघर्ष करना नहीं, बल्कि किसी भी विपरीत परिस्थिति में स्वयं को सुरक्षित बाहर निकालना होता है। उन्होंने मेंटल स्ट्रेंथ, सेल्फ-अवेयरनेस और सही समय पर निर्णय लेने के महत्व पर विशेष जोर दिया।

सेशन के दौरान छात्राओं को 'इमीडिएटली उस स्थान को छोड़ देना' जैसे महत्वपूर्ण सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई। साथ ही, फाइव सेंस (पांच इंद्रियों) के प्रभावी उपयोग, संभावित खतरों की पहचान करने तथा अनावश्यक फिजिकल कॉन्फ्रंटेशन से बचने के तरीके भी सिखाए गए।

प्रशिक्षकों ने पर्सनल मोटिव और मटेरियल मोटिव के बीच अंतर स्पष्ट करते हुए सतर्क रहने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि उनकी टीम राजस्थान पुलिस को भी आत्मरक्षा का प्रशिक्षण दे चुकी है, जो उनके अनुभव और विशेषज्ञता को दर्शाता है।कार्यशाला के दौरान टीम ने विद्यार्थियों को लाइव डेमो के माध्यम से आत्मरक्षा के व्यावहारिक कौशल सिखाए और उनका अभ्यास भी करवाया, जिससे छात्राओं में आत्मविश्वास और जागरूकता का स्तर बढ़ा।

कार्यक्रम के अंत में छात्राओं से फीडबैक लिया गया, जिसमें उन्होंने इस पहल को अत्यंत उपयोगी, जागरूकता बढ़ाने वाला और प्रेरणादायक बताया।

यह कार्यशाला न केवल आत्मरक्षा के कौशल सिखाने में सफल रही, बल्कि छात्राओं में आत्मविश्वास, सजगता और सुरक्षा के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने में भी महत्वपूर्ण साबित हुई।



# मुकेश कुमार बने पीपीएम के प्रदेश सचिव

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** पत्रकारों के प्रतिष्ठित संगठन पत्रकार प्रेस महासंघ ने चिड़ावा , जिला झुंझुनू निवासी मुकेश कुमार को राजस्थान प्रदेश सचिव नियुक्त किया है। पत्रकार प्रेस महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष संतोष शर्मा और राष्ट्रीय सचिव सरवेन्द्र चौहान की सहमति पर मुकेश कुमार को राजस्थान सचिव पद पर नियुक्त किया गया है। मुकेश ने पत्रकार प्रेस महासंघ के सभी पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने पद का निर्वहन करने की बात कही।



# स्टैलाटोस का पहला स्टोर खुला राजस्थान में विस्तार की शुरुआत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शहर के रिटेल सेक्टर में विस्तार के बीच फैमिली फुटवियर ब्रांड स्टैलाटोस ने जयपुर में अपना पहला स्टोर शुरू कर राजस्थान बाजार में प्रवेश किया है। इस पहल को कंपनी के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

नए स्टोर का उद्घाटन संजय अरोड़ा और सचिन अरोड़ा ने किया। स्टोर के शुरू होने के साथ ही ब्रांड ने उत्तर और मध्य भारत के बाद अब पश्चिमी भारत के प्रमुख शहरों में अपनी उपस्थिति मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है। जयपुर में स्टोर खुलने से स्थानीय उपभोक्ताओं को एक ही स्थान पर विभिन्न श्रेणी के फुटवियर और एक्सेसरीज उपलब्ध होंगी।स्टैलाटोस की स्थापना वर्ष 2004 में दिल्ली के राजौरी गार्डन क्षेत्र से हुई थी। शुरुआती दौर में सीमित स्तर पर शुरू हुआ यह ब्रांड समय के साथ विस्तारित होकर बड़े रिटेल नेटवर्क में परिवर्तित हो गया। वर्तमान में दिल्ली के करोल बाग, लाजपत नगर, कमला नगर, सरोजिनी नगर और रानी बाग सहित कई प्रमुख बाजारों में इसके स्टोर संचालित हो रहे हैं। कंपनी के अनुसार वर्ष 2026 तक देशभर में इसके 30 से अधिक स्टोर संचालित हो रहे हैं। प्रत्येक स्टोर में लगभग 6000 से अधिक उत्पादों की श्रृंखला उपलब्ध है। साथ ही, उपभोक्ताओं की बदलती पसंद को ध्यान में रखते हुए हर सप्ताह 50 से अधिक नए डिजाइन शामिल किए जाते हैं।स्टोर में विभिन्न राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ब्रांड्स के उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं, जिनमें पियरे कार्डिन, आईडी, ली-कूपर, लाफात्तियो, अब्रोस और कैंपस शामिल हैं। इसके अलावा कंपनी ने अपना इन-हाउस मेंस फुटवियर ब्रांड 'एजल' भी विकसित किया है, जिसमें नियमित और प्रीमियम श्रेणी के उत्पाद उपलब्ध हैं। कंपनी का उद्देश्य विभिन्न आयु वर्ग के ग्राहकों के लिए एक ही स्थान पर किफायती और विविध विकल्प उपलब्ध कराना है।

जयपुर में स्टोर की शुरुआत के साथ ही ब्रांड ने राज्य में आगे विस्तार की संभावनाओं को भी संकेत दिया है।



# गौशालाओं में सीबीजी प्लांट से सस्ती गैस और मजबूत होगी ग्रामीण अर्थव्यवस्था

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** ईरान-इजरायल के मध्य चल रहे युद्ध (फिलहाल युद्ध विराम)के कारण घरेलू गैस की आपूर्ति लडखड़ा गई है। ऐसे में देश के कई शहरों में कम्प्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी/सीएनजी) उत्पादन शुरू किया गया है।इससे न केवल गोशालाओं को लाभ हो रहा है वरन् ईंधन का विकल्प भी मिला है। प्रदेश और राधानी की गौशालाओं में हजारों की संख्या में गोवंश रहता है, जिनसे प्राप्त होने वाले गोबर का वैज्ञानिक ढंग से उपयोग कर स्वच्छ ईंधन (सीएनजी) और जैविक खाद का उत्पादन किया जा सकता है। इससे पेट्रोलियम उत्पादों पर निर्भरता कम होगी और स्थानीय स्तर पर सस्ती ऊर्जा उपलब्ध हो सकेगी। इस दिशा में प्रयास भी शुरू हो गए हैं।अखिल भारतीय गौशाला सहयोग परिषद ने प्रदेश की बड़ी गौशालाओं से संवाद कर इसके लिए संभावनाएं तलाशनी शुरू कर दी है। परिषद के अंतरराष्ट्रीय संयोजक डॉ. अतुल गुप्ता ने बताया कि वैश्विक स्तर पर पेट्रोलियम पदार्थों की बढ़ती चुनौतियों के बीच देश के कई शहरों में गोबर गैस के प्लांट संकट की घड़ी में मददगार साबित हो रहे हैं।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
[illegible]
531-CR/26

# माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के विजेताओं के साथ राजस्थान यूथ डायलॉग का फिनाले 13 को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस




**जयपुर।** यूनियन बजट 2026 पर आधारित माय भारत बजट क्वेस्ट का आयोजन 1 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक ऑनलाइन माध्यम से माय भारत पोर्टल पर हुआ। जिसमें 15 से 29 वर्ष के 12 लाख से अधिक युवाओं ने संपूर्ण देश में भागीदारी की। युवा मामले और खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वावधान में मेरा युवा भारत माय भारत बजट क्वेस्ट 2026 के जोन 14 राजस्थान राज्य के विजेता प्रतिभागियों के साथ राजस्थान यूथ डायलॉग का दो दिवसीय फिनाले का आयोजन 12 व 13 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। इस संबंध में शनिवार को यूथ हॉस्टल में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए युवा मामले एवं खेल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं अध्यक्ष राजस्थान युवा बोर्ड श्री प्रवीण गुप्ता ने बताया कि केंद्रीय बजट 2026 जिसे युवा शक्ति प्रेरित बजट माना जा रहा है। यह विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग से प्रेरित है जो नीति निर्माण के केंद्र में युवाओं को रखने की सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है। आत्मनिर्भर भारत और सहभागी शासन की दृष्टिकोण पर आधारित इस बजट क्वेस्ट में तीन चरण थे,राष्ट्रीय प्रश्नोत्तरी नो विकास विषयों पर निबंध प्रतियोगिता और राष्ट्रीय नेतृत्व के साथ संवाद।

उक्त बजट क्विज में राजस्थान के 75,591 प्रतिभागियों ने भाग लिया। क्विज राउंड से चयनित हुए 3453 प्रतिभागियों ने निबंध चरण में भाग लिया जिसमें से कुल 984 प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय माय भारत बजट क्वेस्ट राजस्थान डायलॉग के लिए चयन किया गया जिसमें 423 महिलाएं एवं 561 पुरुष सम्मिलित है। विजेता प्रतिभागियों के साथ राजस्थान यूथ डायलॉग के दो दिवसीय फिनाले का आयोजन 12 व 13 अप्रैल 2026 को किया जाएगा। 12 अप्रैल 2026 को नारी शक्ति विकसित भारत की आवाज विषय पर सुबोध जैन पीजी कॉलेज रामबाग सर्किल जयपुर में महिला युवा संसद का आयोजन होगा वहीं शाम को संडे ऑन साइकिल आयोजित की जाएगी जो फिट भारत विकसित भारत का संदेश देगी।

13 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:00 बजे से सायं 5: 15 बजे तक माय भारत बजट क्वेस्ट राजस्थान युवा संवाद का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर (आर आई सी) जयपुर में राजस्थान के महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार दोनों माननीय उप मुख्यमंत्री, कैबिनेट राज्य मंत्री युवा मामले एवं खेल विभाग कृषि उद्योग उच्च तकनीक शिक्षा एवं कौशल महिला बाल विकास मंत्री सहित विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव प्रमुख शासन सचिव की गरिमामई उपस्थित रहेगी ।

# जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** संत निरंकारी मंडल के जोन 20 बी जयपुर में जोन स्तरीय इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन नीलम अरोड़ा कि अध्यक्षता में आज ब्रांच प्रताप नगर में किया गया। आपने अपने मुख्य विचारों में बताया कि एक आध्यात्मिक विचारधारा के अनुसार, जब तक मनुष्य भौतिक वस्तुओं में उलझा रहता है, तब तक वह वास्तविक आनंद की अनुभूति नहीं कर सकता। यह बताया गया कि परमात्मा के ज्ञान या दर्शन मात्र से सच्ची अनुभूति संभव नहीं होती, जब तक व्यक्ति अपने अंदर से मोह और आसक्ति को समाप्त नहीं करता।

विचार में यह भी स्पष्ट किया गया कि जीवन में होने वाली दुर्घटनाओं या कठिनाइयों को परमात्मा की सजा के रूप में नहीं देखना चाहिए। यह मान्यता रखी गई कि परमात्मा कभी भी अपने भक्तों को दंड नहीं देता। शरीर के अस्तित्व के साथ ही बीमारी और मृत्यु जैसी अवस्थाएं स्वाभाविक हैं, और यह हर व्यक्ति पर समान रूप से लागू होती हैं—चाहे वह साधारण इंसान हो या ब्रह्म ज्ञानी।

इस दृष्टिकोण में ब्रह्म ज्ञानी और सामान्य व्यक्ति के बीच मुख्य अंतर को भी रेखांकित किया गया। कहा गया कि ब्रह्म ज्ञानी व्यक्ति जीवन की परिस्थितियों के साथ जीने की कला सीख लेता है। उसकी मनःस्थिति स्थिर रहती है और वह हर परिस्थिति में परमात्मा के प्रति कृतज्ञता का भाव बनाए रखता है।

संदेश में यह भी कहा गया कि जीवन में चाहे कैसी भी कठिनाई क्यों न आए, व्यक्ति को परमात्मा का धन्यवाद करते रहना चाहिए और यह विश्वास बनाए रखना चाहिए कि सब कुछ उसी की इच्छा से हो रहा है। अंततः, सतगुरु का उद्देश्य यही है कि व्यक्ति के जीवन में स्पष्टता (क्लैरिटी) आए और वह सही दृष्टिकोण के साथ जीवन को समझ सके।

जोनल इंचार्ज सुनील बाली ने बताया कि आध्यात्मिक ज्ञान और निरंकारी सदगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज की शिक्षाओं को युवाओं में इंग्लिश भाषा के माध्यम से भी पहुंचाया जाय इस हेतु इस प्रकार इंग्लिश मीडियम समागम का आयोजन किया जाता है।

समागम में जयपुर जोन की सभी करीब 28 ब्रांचों की साध संगत ने भाग लिया जिसमें इंग्लिश भाषा का सहारा लेते हुए दर्जनभर कार्यक्रमों के माध्यम से गुरु का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों में विचार, कविता, गीत और नुक्कड़ नाटक शामिल रहे।

उत्तर पश्चिम रेलवे
ई-निविदा सूचना
[illegible]
Supply, Installation, Testing and Commissioning of Body and Under Gear Scanning System on ... Coach Care Complex, Khatipura.
[illegible]
www.ireps.gov.in
529-CR/26

# गुमट क्षेत्र के रानपुर रोड पर कुल्ड़ह-सकोरा फैक्ट्री में लगी आग से लाखों का नुकसान



» बाड़ी.... फैक्ट्री में फैली आग से जली पड़ी मशीनें



» बाड़ी.... आग से जला हुआ सामान।

### भट्टी के तेल टेंकर से हुई शुरुवात, देखते ही देखते फैक्ट्री को लिया आगोश में

### टीनशेड, कार्टून्स, मशीन और पैकिटबंद सप्लाई का माल जला

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर के गुमट एरिया में रानपुर रोड करमपुरा में एक कुलड़-सकोरा फैक्ट्री-प्लांट में आग लगने का मामला सामने आया है। आग की शुरुआत भट्टी के तेल टैंकर से हुई, जहां से आग भड़कते हुए पूरी फैक्ट्री में फैल गई। घटना की बाद आसपास के लोगों और फैक्ट्री मजदूरों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया है। आग लगने की इस घटना में लाखों का नुकसान बताया जा रहा है।

घटना को लेकर अंबिका क्रोकरी फैक्ट्री के मालिक कृष्ण मुरारी कुशवाहा पुत्र सामंत सिंह निवासी गुमट ने बताया की उनकी रानपुर रोड करमपुरा में कुलड़-सकोरा की फैक्ट्री है जिसमे करीब साढ़े पांच बजे अचानक फैक्ट्री के बॉयलर में आग लगी जो देखते ही देखते पूरी फैक्ट्री में फैल गई। इस दौरान पहले मजदूरों ने भाग कर जान बचाई और बाद में लोगों के सहयोग से आसपास के घरों में लगी संबर पम्पों से आग पर करीब 1 घंटे में काबू पाया है। उक्त घटना में उनकी फैक्ट्री के पुरी मशीन सिस्टम में आग लगी । जिससे वह खराब हुआ है साथ में फैक्ट्री के टीनशेड, फर्नीचर, कार्टून, सप्लाई के लिए पैक रखे कुलड़, सकोरो के पैकेट जलकर खाक हुए हैं। कुल मिलाकर आग लगने की इस घटना में उनको दो से तीन लाख का नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी प्रशासन को दी है। साथ में बीमा कंपनी के अधिकारियों को भी अवगत कराया है।

### मौके पर नहीं पहुंच सकी नगर पालिका की दमकल

घटना के बाद सूचना पर फायर स्टेशन नगर पालिका की दमकल मौके पर भेजी गई लेकिन वह घटनास्थल पर नहीं पहुंच सकी। क्योंकि फैक्ट्री तक पहुंचाने का मार्ग बहुत सकरा था। जिसके चलते दमकल उसमें प्रवेश नहीं कर सकी। दमकल चालक शरीफ खान बताया कि शहर में कई स्थानों पर ऐसी स्थितियां देखने को मिलती हैं। जिसकी वजह अतिक्रमण और रास्तों के सकरा होना है।

## मानवाधिकार विकास संघ के पूर्व सरपंच प्रताप सिंह जिला प्रभारी नियुक्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** मानवाधिकार विकास संघ ने पूर्व सरपंच प्रताप सिंह उर्फ मुन्ना सिंह परमार को धौलपुर जिला प्रभारी पद पर नियुक्त किया गया है। परमार ने कहा कि मुझे जिले की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। मैं मानवाधिकार विकास संघ के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाऊंगा। उन्होंने कहा कि सभी साथियों से उन्हें पूर्ण सहयोग एवं समर्थन प्रदान करेंगे ताकि संगठन और अधिक मजबूत बन सके। पूर्व सरपंच परमार को संत गणेशीलाल शर्मा, नत्थी लाल धोबी पूर्व सरपंच, मुकुट सिंह परमार, सिया मीणा, ज्ञान सिंह मीणा सरपंच, लखपति लोधा, जगदीश नेता, महेश कुशवाह, दीनदयाल शर्मा वार्ड पंच, महावीर सिंह परमार खादी भंडार, तुस्सी कुशवाह, महाराज सिंह परमार, खिल्लो पंडित, पहाड़िया सरपंच, टीटू परमार, रघुवीर शर्मा, रामवीर परमार आदि सभी गणमान्य क्षेत्रवासी लोगों ने हर्ष व्यक्त कर शुभकामनाएं प्रदान कर खुशी जताई।

## नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन एवं आरएच हेल्थ केयर ने सेफ मदरहुड डे पर सिमुलेशन बेस्ड वर्कशॉप का आयोजन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सेफ मदरहुड डे पर नर्सिंग टीचर्स एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया एवं आरएच हेल्थ केयर सिमुलेशन सेंटर के सयुंक्त तत्वाधान में हाइब्रिड मोड पर ऑफलाइन एवं ऑनलाइन सिमुलेशन बेस्ड नेशनल वर्कशॉप का आयोजन शनिवार को रखा गया ।हाइब्रिड मोड़ पर आयोजित इस वर्कशॉप का सीधा प्रसारण देश विदेश के हजारों नर्सिंग कार्मिको एवं विधार्थीयों के लिए ऑनलाइन किया गया। जिससे उन्होंने सुरक्षित मातृत्व से जुडी नवीनतम जानकारी जिसमे प्रसव पूर्व देखभाल, पीपीएच का प्रवंधन, मदर्स वेटिंग होम, परिवार नियोजन, प्रेग्नेंसी इंदुज्ड हाइपर टेंसन जैसी जटिलताओ पर विस्तार से चर्चा की।

यह जानकारी देते हुए एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पुरुषोत्तम कुम्भज एवं आर एच हेल्थ केयर सिमुलेशन सेंटर के सीईओ डॉक्टर राहुल शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप में मेटरनल वेटिंग होम पर पुरुषोत्तम कुम्भज द्वारा, प्रसव पश्चात रक्त स्त्राव पर मिनाक्षी शर्मा द्वारा, प्रसव पूर्व देखभाल पर बिंदु के द्वारा, परिवार नियोजन पर संदीप शर्मा द्वारा,कंगारू मदर केयर पर राजेंद्र शर्मा द्वारा, एवं एसेंशियल प्रोटोकॉल ऑफ़ इंटनेटल केयर पर उदयपुर नर्सिंग कॉलेज की व्यख्याता तरुणा पुजारी द्वारा विस्तृत व्याख्यान किया गया ।

वर्कशॉप का संचालन मेघा शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम मे कपीश शर्मा, डा सीमा शर्मा, नेमीचंद जाट, सुनीता धारीवाल, विनीता शेखावत, समोल चौधरी, राजेंद्र शर्मा, पूनम चौधरी,डा अंकित गर्ग, चेतन गुप्ता, समेत राजस्थान नर्सिंग कोन्सिल से आये ऑब्जेरबार डा राकेश जाटव, प्रवीण शर्मा द्वारा सी एन ई कार्यक्रम मे पर्यवेक्षक के रूप मे भाग लेकर, वर्कशॉप मे भाग लेने बाले सभी प्रतिभागियों को पांच क्रेडिट हॉर्स दिये जायेंगे।

## महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष ने सरकार पर उठाए सवाल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अपराधों को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर जोरदार हमला बोला है। धौलपुर कांग्रेस की जिला उपाध्यक्ष शालिनी शर्मा ने भजनलाल सरकार को कठघरे में खड़ा करते हुए प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में महिलाओं की सुरक्षा पूरी तरह से खतरे में है और सरकार इस मुद्दे पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। शालिनी शर्मा ने अपने बयान में कहा कि प्रदेश में आए दिन दुष्कर्म छेड़छाड़ और घरेलू हिंसा जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे महिलाओं में भय का माहौल बन गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इन मामलों में ठोस और प्रभावी कार्रवाई करने में नाकाम रही है, जिसके चलते अपराधियों के हौसले बुलंद हैं। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर कब तक सरकार मूकदर्शक बनी रहेगी और पीड़ित महिलाओं को न्याय कब मिलेगा। उन्होंने कहा कि यदि सरकार महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर सकती तो उसे नैतिकता के आधार पर तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए। शालिनी शर्मा ने यह भी कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को गंभीरता से उठाती रहेगी और पीड़ित महिलाओं को न्याय दिलाने के लिए सड़क से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।

उन्होंने प्रशासन से मांग की कि ऐसे मामलों में दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए और कानून व्यवस्था को मजबूत किया जाए ताकि महिलाओं में सुरक्षा का विश्वास बहाल हो सके। उन्होंने अंत में कहा कि महिलाओं की सुरक्षा किसी भी सरकार की प्राथमिक जिम्मेदारी होती है और इसमें लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## कमलेश कुमार 'संगम अकादमी सम्मान' से सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**राजाखेड़ा।** संगम अकादमी एवं पब्लिकेशन कोटा राजस्थान द्वारा साहित्य, शिक्षा, कला और संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित करने की कड़ी में कमलेश कुमार को 'संगम अकादमी सम्मान 2026' से अलंकृत किया गया है। संस्था के निदेशक ओमप्रकाश लववंशी और सचिव अनिल कुमार ने बताया कि कमलेश कुमार को यह सम्मान उनके द्वारा शिक्षा क्षेत्र के क्षेत्र में किए गए असाधारण कार्यों, निस्वार्थ सेवा और समाज को नई दिशा प्रदान करने वाली उनकी उत्कृष्ट प्रतिभा के लिए प्रदान किया गया है। सम्मान पत्र में कुमार उपलब्धियों और उनकी विशिष्ट कार्यशैली की सराहना करते हुए संस्थान ने उनके उज्ज्वल भविष्य और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की है। उल्लेखनीय है कि संगम अकादमी निरंतर शिक्षा, साहित्य और समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय प्रतिभाओं को राष्ट्रीय मंच प्रदान कर प्रोत्साहित कर रही है। यह सम्मान समारोह ऑनलाइन माध्यम से आयोजित किया गया। जिसमें देश के विभिन्न क्षेत्रों से साहित्यकारों और प्रबुद्धजनों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

## कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष राजकमल कुशवाहा का स्वागत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**धौलपुर।** सैंपऊ कस्बा में कुशवाहा हेल्थकेयर एंड मेडिकल सेंटर, तसीमों में समाज सेवी डॉ.घूरेलाल कुशवाहा द्वारा सभी समस्त कार्यकर्ताओं के साथ ब्लॉक अध्यक्ष सैंपऊ, कांग्रेस ओबीसी विभाग धौलपुर के ब्लॉक अध्यक्ष बनाए जाने पर राजकमल कुशवाहा का कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष पुष्पेंद्र कुशवाहा एवं नगर अध्यक्ष राजेश कुशवाहा के नेतृत्व में साफा एवं माला पहनकर जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया।

इस मौके पर समाजसेवी डॉ. घूरेलाल कुशवाहा ने सभी आगंतुक नव नियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष को बधाइयां देते हुए आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि युवाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिला है वह अपने, लक्ष्य को पाने के लिए लगातार मेहनत करते रहे और जनता की सेवा के साथ-साथ संगठन को भी मजबूत बनाए रखें और ऊंचाइयां हासिल करें। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। सभी ने माल्यार्पण कर शुभकामनाएं देते हुए विश्वास जताया कि राजकमल कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य तेज़ी से आगे बढ़ेगा। इस मौके पर महाकाल निशुल्क फिजिकल एकेडमी के कोच सूर्या कुशवाहा, युवा नेता धर्मा कुशवाहा, जनक सिंह कुशवाहा, रामू गोस्वामी, सुनील रामपुरिया, अल्ताफ खान, बंटी कुशवाहा, संतोष गोस्वामी, जसवीर, रामू कुशवाहा, नीतू सिंह कुशवाहा कार्यकर्ता मौजूद है।

## शहरी विकास योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

### स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर रैंकिंग के लिए समन्वित प्रयासों के निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर ।** राज्य में शहरी विकास से संबंधित प्रमुख योजनाओं की प्रगति की समीक्षा स्वायत्त शासन विभाग के शासन सचिव रवि जैन की अध्यक्षता में शनिवार को हुई। बैठक में अमृत 2.0 (अटल मिशन फॉर रीजुवनेशन एंड अर्बन ट्रांसफॉर्मेशन), प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना तथा स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) के अंतर्गत संचालित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई।

अमृत 2.0 के अंतर्गत विभिन्न जिलों में संचालित सीवर लाइन एवं सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए जैन ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित कार्यों में हो रही देरी के कारणों की जांच कर उन्हें निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को क्षेत्रीय भ्रमण कर कार्यों की वास्तविक भौतिक प्रगति का आकलन करने तथा जमीनी स्तर पर प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही, कार्यों में लापरवाही बरतने वाले संवेदकों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही के लिए निर्देशित किया ।

अमृत 2.0 मिशन के अंतर्गत सीवरेज क्षेत्र में कुल 48 परियोजनाएं स्वीकृत की गई हैं, जिनकी कुल लागत 5950.86 करोड़ रुपये हैं। इनमें से 42 परियोजनाओं के लिए 4652.82 करोड़ रुपये की राशि के कार्यादेश (एलओआई) जारी किए जा चुके हैं। परियोजनाओं के क्रियान्वयन के लिए अब तक 2047 करोड़ रुपये की राशि शहरी स्थानीय निकायों को जारी की जा चुकी हैं। योजना में लगभग 2522.65 करोड़ रुपये राशि के कार्यों में 54 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है।

शासन सचिव ने प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के तहत प्रदेश में हुई प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि स्वीकृत आवेदनों के ऋण का शीघ्र वितरण किया जाए, ताकि लाभार्थियों को समय पर आर्थिक सहायता प्राप्त हो सके। बैंकों के पास स्वीकृति हेतु लंबित आवेदनों तथा बैंकों द्वारा लौटाए गए आवेदनों में आवश्यक कमियों को दूर कर शीघ्र दुबारा प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने अधिकारियों को बैंकों के साथ समन्वय स्थापित कर सभी लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा योजना की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। जैन ने सामुदायिक शौचालय, सार्वजनिक शौचालय एवं पिंक टॉयलेट्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण में प्रदेश के जिलों की बेहतर रैंकिंग सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित विभागों द्वारा समन्वित प्रयास किए जाएं।

## नालों की सफाई और सड़कों के पैचवर्क को समय पर पूरा करें – जोराराम कुमावत

**जयपुर।** पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत की अध्यक्षता में पाली के सुमेरपुर नगरपालिका कार्यालय सभागार में नगरपालिका मंडल की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कुमावत ने शहर की सफाई व्यवस्था पर जोर देते हुए स्वच्छ भारत मिशन 2.0 के तहत कचरा प्रबंधन और घर-घर शौचालय योजना में प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने नालों की सफाई और सड़कों के पैचवर्क को समय पर पूरा करने के कड़े निर्देश दिए। केबिनेट मंत्री ने जनप्रतिनिधियों से वार्डवार समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए 181 हेल्पलाइन का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने को कहा। इस दौरान कुमावत ने पिछले तीन वर्षों के बजट घोषणाओं की समीक्षा की। उन्होंने ग्रामीण पंचायतवार व शहरी क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा पेंशन और खाद्य सुरक्षा के तहत पैंडिग आवेदनों की स्थिति का आकलन करते हुए जल्द से जल्द निस्तारण करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार कार्ड के पंजीकरण को लेकर आमजन को आ रहे परेशानियों के समाधान को लेकर बैंकों, डाकघरों व ई-मित्र केंद्रों पर संचालित आधार पंजीयन केंद्रों के बारे में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान कुमावत ने कहा कि हमारी सरकार का लक्ष्य अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। नगरपालिका मंडल को यह सुनिश्चित करना होगा कि भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन और समयबद्ध विकास कार्यों के माध्यम से शहर को आदर्श बनाया जाए।

## ईसरदा बांध का कार्य जल्द पूरा करें- वी.श्रीनिवास

**जयपुर।** सवाई माधोपुर और दौसा जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति के लिए महत्वपूर्ण ईसरदा बांध का निर्माण कार्य इस वर्ष जुलाई तक पूरा हो जाएगा। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने शनिवार को परियोजना प्रगति की समीक्षा के बाद कहा कि प्रोजेक्ट के निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के प्रथम चरण के शेष रहे सभी कार्यों को समय पर पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्य सरकार इस बांध परियोजना को समय पर पूरा करने के लिए संकल्पबद्ध हैं। इसी क्रम में परियोजना में धरातल पर कार्यरत अधिकारियों के साथ गहन समीक्षा की गई है। जल्द ही यह महत्वकांक्षी योजना पूरी हो जाएगी और इससे लाखों लोगों को पेयजल आपूर्ति हो सकेगी। साथ ही टोंक जिले के भूजल स्तर में वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि 1,038.65 करोड़ रुपये लागत वाली यह बांध परियोजना पूर्वी राजस्थान के कई जिलों को पीने और सिंचाई के लिए पानी आपूर्ति करने वाली राम जल सेतु लिंक परियोजना का महत्वपूर्ण घटक है। मुख्य सचिव ने बैठक में अधिकारियों से कहा कि राज्य सरकार परियोजना को समय पर पूरा करने और गुणवत्ता के प्रति बेहद गंभीर और संवेदनशील है। उन्होंने अधिकारियों को फील्ड में निर्माण कार्य की गहराई से नियमित समीक्षा करने के निर्देश दिए। उन्होंने बांध पर दौरा कर निर्माण कार्यों की मौके पर वास्तविक प्रगति, गुणवत्ता एवं तकनीकी मानकों का अवलोकन किया तथा साइट इंजीनियर्स एवं फील्ड स्टाफ के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।मुख्य सचिव ने अधिकारियों से बांध पर लिफ्ट, इनटेक वेल तथा पम्प सिस्टम तथा जल के प्रबंधन के लिए स्काडा सिस्टम की जानकारी ली और इन्स्पेक्शन टनल सभी निर्माण कार्य समय पर पूरा करने को कहा। उन्होंने कहा कि परियोजना में कार्यरत अधिकारियों को इस महत्वपूर्ण कार्य के जरिए बड़ी संख्या में आम लोगों की सेवा करने का मौका मिला है। इंजीनियर का उत्साहवर्धन करते हुए उन्होंने कहा कि वे दिल लगा कर काम पूरा करें।

## पीएम वीडियो सन्देश के माध्यम से जयपुर में 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करेंगे

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो सन्देश के माध्यम से 13 अप्रैल 2026 को जयपुर में 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' कार्यक्रम में युवाओं को संबोधित करेंगे। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा कार्यक्रम में शामिल होकर 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' कार्यक्रम के विजेताओं से संवाद करेंगे। प्रवीण गुप्ता, अतिरिक्त मुख सचिव, युवा मामले एवं खेल विभाग, राजस्थान ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए यह जानकारी दी। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वीडियो सन्देश के जरिये युवाओ को संबोधित करेंगे, साथ ही राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भी प्रतिभागियों से संवाद करेंगे। प्रवीण गुप्ता ने बताया कि युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी दिशानिर्देशों के अनुसार दो दिवसीय 'विकसित भारत यूथ डायलॉग' के आयोजन का फिनाले 13 अप्रैल 2026 को प्रातः 9:00 बजे से सायं 5:15 बजे तक राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर, जयपुर में किया जाएगा।

दो दिवसीय कार्यक्रम की रूपरेखा सुविचारित ढंग से तैयार की गई है

12 अप्रैल 2026 को दोपहर में महिला प्रतिभागियों के लिए समर्पित 'महिला युवा संसद' आयोजित की जाएगी। शाम को मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जयपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण के सहयोग से 'संडेज ऑन साइकिल' पहल आयोजित होगी, जो 'फिट भारत, विकसित भारत' का संदेश देगी।

13 अप्रैल 2026 को 'विकसित भारत यूथ डायलॉग' कार्यक्रम की शुरुआत उद्घाटन समारोह से होगी, जिसके बाद 'माय भारत सत्र' एवं दो विशेषज्ञ पैनल चर्चाएँ आयोजित की जाएंगी। इस कार्यक्रम में राजस्थान के राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, राजस्थान सरकार के उपमुख्यमंत्रीगण दिया कुमारी एवं डॉ. प्रेम चन्द्र बैरवा समेत राज्य सरकार में युवा मामले एवं खेल विभाग मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौर शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त राजस्थान सरकार के कृषि मंत्री, उद्योग मंत्री, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा/कौशल मंत्री, महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, प्रमुख शासन सचिव एवं शासन सचिव की उपस्थिति अपेक्षित है।

युवा मामले और खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में 'मेरा युवा भारत' द्वारा 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' (ज़ोन 14 - राजस्थान) के विजेता प्रतिभागियों के साथ 'राजस्थान यूथ डायलॉग' कार्यक्रम का आयोजन 12 एवं 13 अप्रैल 2026 को किया जा रहा है।

1 फरवरी से 22 फरवरी 2026 तक देशभर में 'माय भारत बजट क्वेस्ट 2026' का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से माय भारत पोर्टल पर किया गया। इस प्रतियोगिता में यूनियन बजट 2026 से संबंधित क्विज आयोजित की गई, जिसमें राजस्थान राज्य के 75,591 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

क्विज राउंड से चयनित 3,453 प्रतिभागियों ने निबंध चरण में भाग लिया, जिनमें से लगभग 984 प्रतिभागियों का राज्य स्तरीय 'विकसित भारत यूथ डायलॉग' के लिए चयन किया गया। इन प्रतिभागियों में 423 महिला एवं 561 पुरुष शामिल हैं। साथ ही प्रत्येक जिले से 100-100 प्रतिभागी वर्चुअल रूप से (स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्टार्टअप, कृषि एवं तकनीकी क्षेत्र से) जुड़ेंगे।

पूरे भारत में इस कार्यक्रम में 12 लाख से अधिक युवाओं ने भागीदारी की तथा 46,500 से अधिक निबंध प्राप्त हुए। इस प्रकार यह कार्यक्रम देश के सबसे बड़े युवा नीति संवाद मंच के रूप में विकसित हुआ है। जयपुर में चयनित प्रतिभागी 'भारत को वैश्विक उद्यमिता केंद्र के रूप में विकसित करना' तथा 'मानव पूंजी– शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार' जैसे विषयों पर चर्चा करेंगे।







cmyk

# संपादकीय

## सीमा से परे सीखनाः आयु सिर्फ एक संख्या है

**डॉ विजय गर्ग**

शिक्षा को अक्सर बचपन और युवावस्था से जोड़ा जाता है, लेकिन वास्तव में सीखने की कोई आयु सीमा नहीं होती। यह विचार कि शिक्षा केवल युवाओं के लिए है, धीरे-धीरे लुप्त होता जा रहा है, क्योंकि अधिकाधिक लोगों को यह एहसास हो गया है कि ज्ञान प्राप्त करने में आयु सिर्फ एक संख्या है। चाहे कोई बच्चा हो, कामकाजी व्यक्ति हो या सेवानिवृत्त व्यक्ति हो, सीखने की इच्छा जीवन के किसी भी चरण में शुरू हो सकती है। आज की तेजी से बदलती दुनिया में, सीखना एक बार की उपलब्धि के बजाय आजीवन आवश्यकता बन गया है। नई प्रौद्योगिकियां, विकसित हो रहे करियर और बदलती जीवनशैली निरंतर शिक्षा की मांग करती हैं। लोग स्कूल वापस जा रहे हैं, ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में नामांकन कर रहे हैं, या अपने बाद के वर्षों में भी नए कौशल सीख रहे हैं। इससे पता चलता है कि शिक्षा केवल कक्षाओं या किसी विशिष्ट आयु वर्ग तक ही सीमित नहीं होती - यह एक निरंतर यात्रा है। ऐसे व्यक्तियों के अनगिनत प्रेरणादायक उदाहरण हैं जिन्होंने अपने जीवन में आगे बढ़कर शिक्षा प्राप्त की और उल्लेखनीय सफलता हासिल की। कई वयस्क अधूरी डिग्री प्राप्त करने, नई भाषाएं सीखने या ऐसे कौशल हासिल करने के लिए लौटते हैं जो नए अवसरों का द्वार खोलते हैं। उनका दृढ़ संकल्प यह सिद्ध करता है कि मानव मन चाहे किसी भी उम्र का हो, विकास और वृद्धि करने में सक्षम रहता है। वृद्धावस्था में सीखने के भी अनोखे फायदे हैं। परिपक्व शिक्षार्थियों के पास अक्सर स्पष्ट लक्ष्य, मजबूत प्रेरणा और मूल्यवान जीवन अनुभव होता है जो उनकी समझ को बढ़ाता है। वे शिक्षा के प्रति गंभीरता और समर्पण से पेश आते हैं, जिससे उनकी सीखने की प्रक्रिया अधिक सार्थक और प्रभावी हो जाती है। इसके अलावा, बाद के वर्षों में शिक्षा मानसिक कल्याण में योगदान देती है। यह मस्तिष्क को सक्रिय रखता है, स्मृति में सुधार करता है और उद्देश्य की भावना प्रदान करता है। शिक्षण गतिविधियों में शामिल होने से अलगाव की भावना को भी कम किया जा सकता है, विशेष रूप से वृद्धों के बीच, उन्हें नए समुदायों और विचारों से जोड़कर।

डिजिटल प्लेटफार्मों के उदय ने शिक्षा को पहले से कहीं अधिक सुलभ बना दिया है। ऑनलाइन पाठ्यक्रम, आभासी कक्षाएं और स्व-गति सीखने के अवसर लोगों को कभी भी और कहीं भी अध्ययन करने की अनुमति देते हैं। इस लचीलेपन ने आयु, समय और स्थान की पारंपरिक बाधाओं को तोड़ दिया है, जिससे शिक्षा वास्तव में सार्वभौमिक हो गई है।

हालाँकि, समाज को आजीवन शिक्षा को प्रोत्साहित और समर्थन करना जारी रखना चाहिए। शैक्षिक संस्थानों, सरकारों और समुदायों को समावेशी वातावरण बनाना चाहिए जहां सभी आयु वर्ग के लोग शिक्षार्थियों के रूप में स्वागत और मूल्यवान महसूस करें। देर से सीखने के साथ जुड़े कलंक को दूर करना एक अधिक ज्ञानवान और सशक्त समाज का निर्माण करने के लिए आवश्यक है।

निष्कर्षतः, शिक्षा आयु तक सीमित नहीं है। यह एक आजीवन यात्रा है जो मन और आत्मा को समृद्ध करती है। चाहे कोई जल्दी या देर से शुरुआत करे, वास्तव में सीखने की इच्छा ही मायने रखती है। आखिरकार, उम्र सिर्फ एक संख्या है, लेकिन ज्ञान कालातीत है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलौट पंजाब

## बचपन की बेफिक्री बनाम बड़ों की चिंताः खो जाती हैं मासूम संवेदनाएं

**उसके लिए मिट्टी भी खिलौना हो सकती है। वह जो कुछ अपने आसपास देखता है, उसे ही जिज्ञासावश छूता है, महसूस करता है और अपना मनोरंजन करता है।बालपन की जो सबसे आकर्षक प्रवृत्ति है बच्चों की बेफिक्री, उनका मस्तानापन**



जब भी हम छोटे बच्चों को देखते हैं तो कहते हैं कि जीवन के सबसे खूबसूरत पल बचपन के होते हैं। कोई चिंता नहीं होती। जब जी चाहा खाया, जब जी चाहा सोए और अपने मन की चीज चाहने की जिद की। सामान्य परिस्थितियों में वह चाहत अक्सर पूरी भी हो जाती है। पर जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, हमारा अल्हड़पन धीरे-धीरे गायब होने लगता है। जब कोई बच्चा जन्म लेता है, तो उसकी इच्छाएं मात्र प्राकृतिक आवश्यकताओं तक सीमित होती हैं। इसके बाद धीरे-धीरे उसकी मनोरंजन की आवश्यकता प्रकट होती है, पर यह अनिवार्य नहीं कि उसे किसी खास तरह के खिलौनों की आवश्यकता हो। उसके लिए मिट्टी भी खिलौना हो सकती है। वह जो कुछ अपने आसपास देखता है, उसे ही जिज्ञासावश छूता है, महसूस करता है और अपना मनोरंजन करता है।बालपन की जो सबसे आकर्षक प्रवृत्ति है बच्चों की बेफिक्री, उनका मस्तानापन। ये बेफिक्री जीवन में हमेशा ही एक बार फिर से प्रत्येक व्यक्ति के भीतर बच्चा बन जाने की इच्छा बनाए रखने के लिए मजबूर कर देती है। शायद इसीलिए सुदर्शन फाकिर ने लिखा है कि 'ये दौलत भी ले लो... ये शोहरत भी ले लो, भले छीन लो मुझसे मेरी जवानी... मगर मुझको लौटा दो बचपन का सावन..!' दरअसल, बचपन ऐसा होता है कि उसे फिर से पाने के लिए एक बार सब कुछ लुटा देने को जी चाहता है। एक बच्चे की सबसे अद्भुत शक्ति होती है उसके भीतर बसने वाला असीम विश्वास। ऐसा विश्वास जो उसे कभी उदास नहीं होने देता। अगर वह एक पल रोता है, तो दूसरे ही पल फिर हंसकर अपने खेल में लग जाता है। बच्चा या तो हंसता है या रोता है, उदास नहीं होता। उसे मानो कोई चिंता नहीं होती कुछ खोने की। यों भी, वह क्या खोएगा? उसके पास जिस समय जो होता है, उसे ही वह अपना सर्वस्व मान लेता है। हम कभी ध्यान से किसी छोटे बच्चे को खेलते हुए देखें, तो पाएंगे कि अगर वह किसी एक खिलौने से खेल रहा है और उसे कोई दूसरा खिलौना मिल जाता है कहीं से, तो वह पहले वाला खिलौना छोड़कर दूसरे से खेलने में लग जाता है। वह यह बिल्कुल नहीं सोचता कि पहले वाले खिलौने को जाकर कहीं छिपा दूं या ताले में बंद कर दूं और उसके बाद दूसरे से खेलूं। वह सहज ही पहले को छोड़ता है और दूसरे से अपनी जिज्ञासा शांत करने में लग जाता है। यानी वह पूरी तरह से वर्तमान में जीता है। न तो वह पहले वाले खिलौने को याद करता है और न ही यह सोचता है कि अब उसे अगला कौन-सा खिलौना मिलने वाला है। जब उसे किसी चीज की जरूरत होती है, तो सब कुछ छोड़कर रोना शुरू कर देता है। उसके पूरा होते ही रोना भूलकर फिर खेलने लगता है। उसे इस बात का भी दुख नहीं होता कि उसे रोना पड़ा। उसके पास अहंकार नहीं होता, जिसे रोने से या किसी से गुहार लगाने में चोट महसूस हो।इसके विपरीत, अगर हम अपनी बात करें तो हमारी स्थिति बिल्कुल इसके उलट है। हम अपने दिन का ज्यादातर हिस्सा फिक्र करने और उदास रहने में बिता देते हैं। हम या तो अतीत के दुखों में डूबे रहते हैं या भविष्य की चिंता में। सूरज की रोशनी हम पर उतना प्रकाश नहीं डाल पाती, जितना बीत चुकी रात या आने वाली रात का अंधेरा हमें खुद में डुबोए रखता है। इस चिंता के पीछे वास्तव में हमारा अपना अहंकार होता है, जो हमें सब कुछ का नियंता मानने और अपने नियंत्रण में रखने को प्रेरित करता है। हम न केवल अपने जीवन को नियंत्रित करना चाहते हैं, बल्कि उससे भी आगे बढ़कर अपने परिवार के लोगों, दोस्तों, पड़ोसियों पर भी अपना नियंत्रण बनाए रखना चाहते हैं। गौर से विश्लेषण करने पर ये पता चलेगा कि जीवन में रहने वाला अधिकतर तनाव हमें अपनी जीवनरूपी गाड़ी को नियंत्रित करने से नहीं मिलता, बल्कि सबकी गाड़ी के रिमोट कंट्रोल को हासिल करने की कोशिश में लगे रहने से मिलता है।

हम मुट्ठी बांधकर आते हैं इस संसार में और हाथ पसारकर चले जाते हैं। वास्तव में प्रकृति, जीवन की शुरुआत और अंत के बीच एक यात्रा की मंजिल शुरू से ही तय कर देती है।

मतलब हम बंधकर आते हैं और हमें मुक्त होकर जाना है।

जीवन वास्तव में बंधन से मुक्ति की यात्रा है। जिस तरह एक छोटा बच्चा अपने माता-पिता पर अपने आप से ज्यादा विश्वास करता है और किसी भी तरह की चिंता से मुक्त रहता है, ठीक वैसे ही मनुष्य को भी अपने विवेक पर विश्वास रखते हुए कर्म करना चाहिए। प्रकृति हमें उन्हीं संसाधनों से विराजती है, जिसकी हम पात्रता रखते हैं। इसलिए हमारे सारे कर्म और हमारी सारी ऊर्जा अपनी पात्रता को बढ़ाने और बनाए रखने में लगनी चाहिए। जिस तरह एक ही माता-पिता की हर संतान अपने जीवन में अलग-अलग मंजिलें तय करती हैं, ठीक उसी तरह हर मनुष्य को प्रकृति ने जीवन दिया है और उसे आकार देने वाले संसाधन भी। सबकी अपनी यात्रा है और जीवन के स्थूल लक्ष्य भी भिन्न हैं। मगर प्रकारांतर से मंजिल सबकी एक है। हमें सब पाना है, खेलना है, सीखना है और उसे किसी और के लिए छोड़ते जाना है। समेटने में अपनी ऊर्जा नहीं गंवानी चाहिए, क्योंकि तब बहुत से खिलौने अछूते रह जाएंगे और हम तमाम नई सीखों से वंचित रह जाएंगे।

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें।

## 'यदि आप हृदय की देखभाल करते हैं, तो आप मस्तिष्क की भी देखभाल करते हैं

**डॉ विजय गर्ग**

पीढ़ियों से हृदय भावना और जीवन शक्ति का प्रतीक रहा है, जबकि मस्तिष्क को विचार और बुद्धि के केंद्र के रूप में देखा गया है। हालाँकि, आधुनिक विज्ञान एक गहन सत्य को उजागर करता हैः ये दोनों अंग गहराई से जुड़े हुए हैं। एक की देखभाल करने से दूसरे को सीधा लाभ होता है। 'स्वस्थ हृदय, स्वस्थ मन' वाक्यांश अब सिर्फ एक कहावत नहीं है। यह एक चिकित्सा वास्तविकता है।

### हृदय मस्तिष्क कनेक्शन

हृदय और मस्तिष्क रक्त वाहिकाओं, तंत्रिकाओं और रासायनिक संकेतों के एक जटिल नेटवर्क के माध्यम से जुड़े हुए हैं। मस्तिष्क हृदय द्वारा पंप किए जाने वाले ऑक्सीजन युक्त रक्त के स्थिर प्रवाह पर निर्भर करता है। इस प्रवाह में एक संक्षिप्त व्यवधान भी मस्तिष्क के कार्य को प्रभावित कर सकता है। इसी तरह, मस्तिष्क हृदय गति, रक्तचाप और समग्र हृदय गतिविधि को नियंत्रित करता है।

जब दिल संघर्ष करता है, तो मस्तिष्क कष्ट उठाता है। रक्त प्रवाह में कमी से याददाश्त, एकाग्रता प्रभावित हो सकती है और स्ट्रोक जैसी स्थितियों का खतरा भी बढ़ सकता है। दूसरी ओर, मस्तिष्क का खराब स्वास्थ्य - विशेष रूप से दीर्घकालिक तनाव या चिंता - रक्तचाप को बढ़ा सकता है और हृदय पर दबाव डाल सकता है।

### साझा जोखिम कारक

दिल को नुकसान पहुंचाने वाले कई कारक मस्तिष्क को भी नुकसान पहुंचाते हैं। इनमें शामिल हैंः

उच्च रक्तचाप

खराब आहार

शारीरिक गतिविधि का अभाव

धूम्रपान और शराब का सेवन

दीर्घकालिक तनाव

उदाहरण के लिए, अनियंत्रित उच्च रक्तचाप न केवल हृदय रोग का जोखिम बढ़ाता है, बल्कि संज्ञानात्मक गिरावट और मनोभ्रंश जैसी स्थितियों में भी योगदान देता है। यह ओवरलैप स्वास्थ्य को अधिक एकीकृत तरीके से देखने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है।

### जीवनशैली की भूमिका

अच्छी खबर यह है कि एक जैसी स्वस्थ आदतें दोनों अंगों की रक्षा करती हैं। उदाहरण के लिए, नियमित व्यायाम हृदय को मजबूत करता है तथा मस्तिष्क में रक्त प्रवाह में भी सुधार करता है, जिससे स्मृति और मनोदशा बढ़ती है। पैदल चलना, साइकिल चलाना या योग जैसी गतिविधियां महत्वपूर्ण अंतर ला सकती हैं।

फल, सब्जियां, साबुत अनाज और स्वस्थ वसा से भरपूर संतुलित आहार हृदय स्वास्थ्य का समर्थन करता है और मस्तिष्क कोशिकाओं को पोषण देता है। मेवे, बीज और पत्तेदार साग जैसे खाद्य पदार्थ विशेष रूप से लाभदायक हैं।

नींद एक और महत्वपूर्ण कारक है।

खराब नींद हृदय संबंधी समस्याओं के जोखिम को बढ़ा सकती है और मस्तिष्क की कार्यप्रणाली पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है, जिससे ध्यान केंद्रित करने में कमी आती है तथा भावनात्मक असंतुलन होता है।

### मानसिक स्वास्थ्य मायने रखता है

इस संबंध में भावनात्मक कल्याण एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। दीर्घकालिक तनाव, चिंता और अवसाद हृदय स्वास्थ्य पर सीधा प्रभाव डाल सकते हैं। तनाव हार्मोन में वृद्धि से हृदय गति और रक्तचाप बढ़ सकता है, जिससे दीर्घकालिक तनाव उत्पन्न हो सकता है।

साथ ही, सीखने, पढ़ने या रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से मस्तिष्क को शामिल करने से मानसिक लचीलापन में सुधार हो सकता है और तनाव के स्तर को कम करके अप्रत्यक्ष रूप से हृदय को लाभ मिल सकता है।

### इलाज से बेहतर रोकथाम है

नियमित स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप की निगरानी और स्वस्थ जीवनशैली बनाए रखना हृदय और मस्तिष्क दोनों विकारों को रोकने में बहुत सहायक हो सकता है। समस्याओं का शीघ्र पता लगाने से जटिलताओं के जोखिम में काफी कमी आ सकती है।

सरल दैनिक आदतें जैसे सीढ़ियां चढ़ना, ध्यानपूर्वक भोजन करना, सामाजिक रूप से जुड़े रहना और विश्राम तकनीकों का अभ्यास करना समग्र कल्याण के लिए एक मजबूत आधार तैयार कर सकते हैं।

### स्वास्थ्य के लिए एक समग्र दृष्टिकोण

हृदय और मस्तिष्क के बीच का संबंध हमें याद दिलाता है कि शरीर अलग-थलग होकर काम नहीं करता। सच्चा स्वास्थ्य संतुलन में है। हृदय की देखभाल करके, हम यह सुनिश्चित करते हैं कि मस्तिष्क को आवश्यक पोषण मिले। मन का पोषण करके हम दिल पर बोझ कम करते हैं।

अंततः, संदेश स्पष्ट हैः एक की देखभाल करना दोनों की देखभाल करना है। एक स्वस्थ जीवन अलग-अलग प्रयासों से नहीं, बल्कि एक एकीकृत दृष्टिकोण के साथ शुरू होता है - जहां स्वास्थ्य की यात्रा में हृदय और मस्तिष्क को भागीदार माना जाता है।

डॉ विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधान शैक्षिक स्तंभकार प्रख्यात शिक्षाशास्त्री स्ट्रीट कौर चंद एमएचआर मलोट पंजाब

## शिक्षा का बाजारः न्याय और समानता के लिए खतरा

**निजी शिक्षण संस्थान भारी फीस वसूल कर शिक्षा को केवल धनी वर्ग तक सीमित कर देते हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार बंद हो जाते हैं इसके साथ ही, विपणन भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। कभी-कभी संस्थानों का ध्यान छात्रों के पूर्ण विकास के बजाय परिणामों और प्रचार पर केंद्रित हो जाता है**

**डॉ. विजय गर्ग**

आज के समय में शिक्षा को एक सेवा के बजाय व्यापार के रूप में देखने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है। शिक्षा का विपणन, जिसमें शिक्षा को खरीद-फरोख्त जैसी चीज बनाया जाता है, देश के भविष्य के लिए गंभीर चुनौती बनता जा रहा है। यह प्रवृत्ति न केवल शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करती है, बल्कि सामाजिक असमानताओं को भी बढ़ा देती है।शिक्षा का मूल उद्देश्य व्यक्ति के चरित्र निर्माण, सोचने की क्षमता और सामाजिक दायित्व को विकसित करना है। लेकिन जब शिक्षा को लाभ के साधन के रूप में इस्तेमाल किया जाता है, तो इसका केंद्र ज्ञान से हटकर धन पर आ जाता है। निजी शिक्षण संस्थान भारी फीस वसूल कर शिक्षा को केवल धनी वर्ग तक सीमित कर देते हैं, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय छात्रों के लिए उच्च शिक्षा के द्वार बंद हो जाते हैं।इसके साथ ही, विपणन भी शिक्षा की गुणवत्ता को प्रभावित करता है। कभी-कभी संस्थानों का ध्यान छात्रों के पूर्ण विकास के बजाय परिणामों और प्रचार पर केंद्रित हो जाता है। डिग्री को एक उत्पाद की तरह बेचने की सोच शिक्षा के वास्तविक उद्देश्य को कमजोर कर देती है।शिक्षा का विपणन शिक्षकों की भूमिका को भी प्रभावित करता है। शिक्षकों को ज्ञान के मार्गदर्शक के स्थान पर सेवा प्रदाता के रूप में देखा जाता है। इससे शिक्षक-छात्र संबंधों की गहराई कम हो जाती है और सीखने की प्रक्रिया मशीनीकृत हो जाती है।इस प्रवृत्ति का एक और खतरनाक पहलू यह है कि इससे समाज में असमानता बढ़ जाती है। जिनके पास पैसा होता है, वे बेहतर शिक्षा प्राप्त करते हैं, जबकि गरीब वर्ग पीछे रह जाता है। इससे सामाजिक न्याय और समानता के मूल सिद्धांतों को झटका लगता है।

इस समस्या का समाधान यह है कि सरकार और समाज दोनों मिलकर शिक्षा को एक अधिकार के रूप में सुरक्षित करें। सरकारी शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने, फीस पर नियंत्रण रखने तथा सभी वर्गों तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने की आवश्यकता है। साथ ही, शिक्षा में नैतिक सिद्धांतों को पुनः स्थापित करना भी आवश्यक है।प्राचीन काल में शिक्षा को 'दान' और एक पवित्र सेवा माना जाता था। गुरु-चेला परम्परा में ज्ञान का आदान-प्रदान सर्वोत्तम कार्य था। लेकिन आज के समय में शिक्षा एक ऐसी 'उत्पाद' बन गई है, जिसे बाजार में बेचा और खरीदा जा रहा है। शिक्षा के इस व्यापारिक रूप को ही 'शिक्षा का विपण्यीकरण' कहा जाता है।अमीर और गरीब के बीच बढ़ती खाई शिक्षा के विपणन का सबसे घातक प्रभाव यह है कि यह समाज को दो हिस्सों में विभाजित कर रहा है। महंगे निजी स्कूल और विश्वविद्यालय केवल अमीर वर्ग के लिए हैं। दूसरी ओर, गरीब वर्ग के प्रतिभाशाली बच्चे साधनों की कमी के कारण उच्च कोटि की शिक्षा से वंचित हो जाते हैं। यह प्रथा देश में समानता की अवधारणा को समाप्त कर रही है।

लाभ के स्थान पर गुणवत्ता जब शिक्षा एक व्यवसाय बन जाती है, तो संस्थानों का मुख्य उद्देश्य 'ज्ञान बांटना' नहीं बल्कि 'लाभ कमाना' होता है। कई निजी संस्थान बहुत अधिक शुल्क लेते हैं, लेकिन वहां न तो योग्य शिक्षक होते हैं और न ही आवश्यक बुनियादी ढांचा। परिणामस्वरूप, छात्रों के पास डिग्री होती है, लेकिन कौशल की भारी कमी रहती है।मानसिक तनाव और प्रतिस्पर्धा बाज़ारीकरण ने शिक्षा को एक अंधाधुंध दौड़ बना दिया है। कोचिंग केंद्रों और निजी संस्थानों ने छात्रों पर सौ प्रतिशत अंक लेने का इतना दबाव डाला है कि बच्चों की बचपन और रचनात्मकता समाप्त हो रही है। इस दबाव के कारण अक्सर छात्रों में मानसिक तनाव और आत्महत्या जैसी घटनाएं होती हैं।

नैतिकता का पतन शिक्षा का उद्देश्य अच्छे इंसानों को बनाना था, लेकिन व्यावसायिक माहौल में छात्र खुद को 'ग्राहक' के रूप में समझने लगे हैं। जब शिक्षा खरीदी जाती है, तो शिक्षक और छात्र का पवित्र संबंध समाप्त हो जाता है और उसे 'सेवा प्रदाता' और 'ग्राही' तक सीमित कर दिया जाता है। इससे समाज में नैतिक मूल्यों की गिरावट आती है।

खोज और मौलिकता की कमी बाजार केवल वही बेचता है जिसकी मांग होती है। इसी प्रकार, शिक्षा के बाज़ारीकरण के कारण केवल 'बाजार-उन्मुख' पाठ्यक्रमों (जैसे इंजीनियरिंग, प्रबंधन) पर ही जोर दिया जा रहा है। साहित्य, इतिहास, दर्शन और बुनियादी विज्ञान जैसे विषय पीछे छूट रहे हैं, जो किसी भी राष्ट्र की बौद्धिक उन्नति के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

अंत में यह कहा जा सकता है कि शिक्षा का विपणन देश के भविष्य के लिए घातक है। यदि शिक्षा को केवल व्यापार बनने से नहीं रोका गया, तो इससे समाज में असमानता और अन्याय और गहरा हो जाएगा। इसलिए शिक्षा को एक पवित्र जिम्मेदारी और सामाजिक अधिकार के रूप में ही देखा जाना चाहिए।

डॉ. विजय गर्ग सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य शैक्षिक स्तंभकार मलोट

## जो बच्चे भविष्य थे, वही खतरे मेंः बाल तस्करी के जाल पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

**गौरतलब है कि बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है**

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि जिन नौनिहालों को हम देश का भविष्य मानते हैं, उनमें से बहुत सारे बच्चे आज बहुस्तरीय जोखिम के बीच से गुजर रहे हैं। बच्चों के खिलाफ होने वाले अपराधों के अनेक रूप के अलावा बाल तस्करी का संजाल आज इस कदर जटिल होता जा रहा है कि इससे निपटना सरकारों के लिए एक बड़ी चुनौती बन गई है। हालांकि इस अपराध को काबू में करना और बच्चों को इस खतरे से बचाना सरकार की अनिवार्य जिम्मेदारी और सबसे ऊपर की प्राथमिकता में दर्ज होना चाहिए। मगर हालत यह है कि देश के सुप्रीम कोर्ट को इस बारे में केंद्र और राज्य सरकारों को निर्देश देना पड़ रहा है कि वे बच्चों के खिलाफ इस अपराध को गंभीरता से लें।

गौरतलब है कि बुधवार को एक याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने देश में बाल तस्करी के बढ़ते मामलों पर गहरी चिंता जताई और कहा कि संगठित गिरोह देशभर में सक्रिय हैं और अगर राज्य सरकारों और केंद्रशासित प्रदेशों ने तुरंत प्रभावी कदम नहीं उठाए, तो स्थिति बेकाबू हो सकती है।

हैरानी की बात यह है कि बाल तस्करी के फैलते जाल पर शीर्ष अदालत के सख्त रुख के बावजूद कई राज्यों ने अब तक न जरूरी रपट तैयार की है और न ही समितियां बनाई हैं। समस्या की गंभीरता को देखते हुए स्वाभाविक ही सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों के लापरवाह रवैये पर नाराजगी जताई। दरअसल, करीब एक वर्ष पहले अदालत ने अपने एक फैसले में संगठित तस्करी के जाल को तोड़ने के लिए कई संस्थागत सुधारों के निर्देश दिए थे। इनमें तस्करी के मामलों में छह महीने के भीतर हर रोज सुनवाई करना, मानव तस्करी रोधी इकाइयों को मजबूत करना और जांच प्रक्रिया में सुधार करना शामिल था।

अदालत ने राज्यों को यह निर्देश दिया था कि वे तस्करी के संभावित संवेदनशील स्थानों की पहचान और निगरानी के लिए राज्यस्तरीय समितियां बनाएं और लापता बच्चों के मामलों को तस्करी मान कर जांच शुरू करें। मगर इस मुद्दे पर राज्य सरकारों के रुख का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि कई राज्यों ने अभी तक तय प्रारूप में रपट तक दाखिल नहीं की है। सरकारी तंत्र में इस इच्छाशक्ति के अभाव और उदासीनता की वजह क्या यह है कि जो बच्चे तस्करी का शिकार हो जाते हैं, उनमें ज्यादातर समाज के गरीब और कमजोर तबके से आते हैं?

यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि देश में बाल तस्करी का संकट पिछले कुछ वर्षों के दौरान कितना गहरा गया है। खासतौर पर कोविड महामारी के बाद बच्चों के लापता होने के मामलों में काफी तेजी दर्ज की गई। बच्चों के खिलाफ अपराध के मामले में उत्तर प्रदेश की स्थिति ज्यादा गंभीर है। सही है कि लापता होने वाले तमाम बच्चों में से कइयों को पुलिस खोज लेती है, लेकिन उनमें से बहुतों की कोई खबर नहीं मिलती। सवाल है कि जिन बच्चों को नहीं खोजा जा पाता, वे कहां जाते हैं और उनके साथ क्या होता है।

यह समझना मुश्किल नहीं है कि देश भर में जो बच्चे गायब हो जाते हैं, उन्हें बाल मजदूरी से लेकर यौन शोषण और अपराध की दुनिया के अंतहीन दलदल में झोंक दिया जाता है। एक परिवार अपने बच्चे के लापता होने के बाद किस दंश और दुख से गुजरता है, यह शायद बताने की जरूरत नहीं है। मगर कोई भी समाज और सत्ता बच्चों की तस्करी के मुद्दे को लेकर अगर गंभीर नहीं है, तो यह एक तरह से अपने ही भविष्य की त्रासदी को नजरअंदाज करना है।

मुंबई में पिछले कुछ महीनो के दौरान एक डिजिटल टूल के दम पर पुलिस अपराधियों से लेकर गायब बच्चों तक को ढूंढने में कामयाब रही है। पुर्तगाल की एक टूरिस्ट का पीछा करने और परेशान करने के मामले में दो लोग पिछले महीने गिरफ्तार हुए। गोरेगांव से गायब होने वाले 14 साल के एक बच्चा कुछ सप्ताह पहले राजस्थान में मिला। जनवरी में मुंबई के एक प्रोफेसर को चाकू मारने वाले शख्स को दो दिन में पकड़ लिया गया। इसके अलावा एक साल



# मुंबई इंडियंस के साथ 15 साल पूरे करने पर हार्दिक ने रोहित को दी बधाई

### बताया टीम की सबसे बड़ी प्रेरणा




मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा को फ्रेंचाइजी के साथ 15 साल पूरे करने पर बधाई दी है। हार्दिक ने ड्रेसिंग रूम में दिल को छू लेने वाली एक स्पीच दी। अपनी स्पीच में हार्दिक ने रोहित को मुंबई के खिलाड़ियों का सबसे बड़ा प्रेरणास्त्रोत बताया। मुंबई इंडियंस के साथ 15 साल पूरे होने पर रोहित ने टीम के साथियों, सहायक स्टाफ और फ्रेंचाइजी मैनेजमेंट का दिल से शुक्रिया अदा किया और फ्रेंचाइजी द्वारा पोस्ट किए गए एक और वीडियो में बतौर कप्तान अपनी यात्रा को आकार देने का श्रेय टीम के माहौल को दिया। हार्दिक पांड्या ने मुंबई इंडियंस द्वारा सोशल मीडिया पर शेयर किए एक वीडियो में कहा, रोहित 15 साल पूरे करने पर बधाई। इतने वर्षों तक इस फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के लिए आपका धन्यवाद। मैंने डेब्यू किया, बुमराह ने किया, हममें से कई लोगों ने आपके नेतृत्व में डेब्यू किया है। इतने सारे लोगों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद जो इस फ्रेंचाइजी के लिए खेलते आए हैं और उसी समय भारत के लिए भी खेले। आप एक इंसान के तौर पर भी कमाल और शानदार रहे हैं। आप बहुत फ्रेंडली और खुले विचारों वाले रहे हैं। आपने इतने वर्षों तक जिस तरह से टीम का आगे बढ़कर नेतृत्व किया है उसके लिए बहुत धन्यवाद।

रोहित ने अपनी कप्तानी में मुंबई इंडियंस को लीग की सबसे कामयाब फ्रेंचाइजी बनाया। इस पर उन्होंने कहा कि ये कामयाबियां किसी एक की काबिलियत के बजाय टीम की मेहनत का नतीजा थीं। फ्रेंचाइजी और उसके हितधारकों के समर्थन ने एक कप्तान और एक व्यक्ति के तौर पर मुझे आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। रोहित ने फ्रेंचाइजी के मालिक का भी शुक्रिया अदा किया और अपने करियर के अहम दौर में उनका साथ देने में उनकी भूमिका को स्वीकारा।

रोहित शर्मा का आईपीएल करियर

2008 में रोहित शर्मा ने अपने आईपीएल करियर का आगाज डेक्कन चार्जर्स के साथ किया था। वह इस टीम के साथ 2010 तक रहे। आईपीएल 2011 में वह मुंबई इंडियंस से जुड़े और अब तक इस टीम का हिस्सा बने हुए हैं।

# आयुष शेट्टी एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में, डिफेंडिंग चैंपियन को हराया



**नई दिल्ली।** भारतीय शटलर आयुष शेट्टी ने एशियन बैडमिंटन चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचकर इतिहास रच दिया है। 60 सालों के बाद किसी भारतीय ने चैंपियनशिप के मेंस सिंगल्स कैटेगरी के फाइनल में जगह बनाई है। आयुष से पहले दिनेश खन्ना ने 1965 में मेंस सिंगल्स में गोल्ड जीता था।

सात्विक साइराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने 2023 में डबल्स खिताब जीता था।20 साल के आयुष ने शनिवार को चीन के झेजियांग में खेले गए सेमीफाइनल में टॉप सीड और डिफेंडिंग चैंपियन थाई प्लेयर कुन्लावत वितिदसर्न को तीन गेम में हराया। दुनिया के 25वें नंबर के खिलाड़ी आयुष ने पेरिस ओलिंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट और 2023 के वर्ल्ड चैंपियन वितिदसर्न पर 10-21, 21-19, 21-17 से जीत दर्ज की।इस चैंपियनशिप में भारत के लिए गोल्ड सिर्फ दिनेश खन्ना ने जीता था। उन्होंने 1965 में लखनऊ में थाईलैंड के सांगोब रत्तनुसोर्न को मेंस सिंगल्स फाइनल में हराया था।

### आयुष ने पिछली हार का बदला लिया

दोनों खिलाड़ी इससे पहले पिछले साल आर्कटिक ओपन में भिड़े थे, जहां वितिदसर्न ने सीधे गेम में जीत हासिल की थी,

लेकिन इस बार आयुष ने शानदार वापसी करते हुए हिसाब बराबर कर लिया। पहला गेम हारने के बाद जिस तरह उन्होंने वापसी की, उसने उनकी मानसिक मजबूती को भी साबित किया।

### क्वार्टर फाइनल में क्रिस्टी को हराया

वर्ल्ड नंबर-25 आयुष ने क्वार्टर फाइनल में वर्ल्ड नंबर-4 जोनाथन क्रिस्टी को 23-21, 21-17 से हराया था। इसके अलावा उन्होंने चीनी ताइपे के चिन यू जेन और चीन के ली शी फेंग जैसे खिलाड़ियों को भी मात दी। अब आयुष खिताबी मुकाबले में चाऊ तियेन चेन और शी यूकी के बीन होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से भिड़ेंगे।

# विराट ने दिया वैभव सूर्यवंशी को ऑटोग्राफ, लिखा- वेलडन



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल में लगातार चौथी जीत दर्ज की। टीम ने शुक्रवार को डिफेंडिंग चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हरा दिया। गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में रोचक मोमेंट्स देखने को मिले।

वैभव सूर्यवंशी ने महज 15 गेंदों में अर्धशतक पूरा किया और सिक्स लगाकर अपनी फिफ्टी पूरी की। वहीं, मैच खत्म होने के बाद विराट कोहली ने वैभव की राजस्थान रॉयल्स कैप पर ऑटोग्राफ दिया।दूसरी ओर, विराट कोहली अच्छी शुरुआत के बाद रवि बिश्नोई की गेंद पर बोल्ड हो गए। रिकॉर्ड्स की बात करें तो आरसीबी ने आईपीएल में 37वीं बार 200 या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया और चेन्नई सुपर किंग्स की बराबरी कर ली। आरसीबी ने आईपीएल में 37वीं बार 200+ का स्कोर बनाकर ष्टस्य की बराबरी कर ली है। अब दोनों टीमें इस लिस्ट में संयुक्त रूप से पहले नंबर पर हैं। तीसरे नंबर पर पीबीकेएस (33) है, जबकि एमआई (32) चौथे और केकेआर (30) पांचवें स्थान पर हैं।

संदीप शर्मा ने 140 मैच में 150 विकेट पूरे कर लिए हैं। वह इस लिस्ट में छठे नंबर पर हैं। सबसे तेज 150 विकेट का रिकॉर्ड लसिथ मलिंगा (105 मैच) के नाम है, जबकि दूसरे नंबर पर हर्षल पटेल (117) और तीसरे नंबर पर जसप्रीत बुमराह (124) हैं।

रजत पाटीदार ने 95 पारियों में 3000 टी20 रन पूरे कर लिए हैं। वह इस लिस्ट में चौथे नंबर पर हैं। सबसे तेज 3000 रन का रिकॉर्ड तिलक वर्मा (90 पारियां) के नाम है, जबकि दूसरे नंबर पर ऋतुराज गायकवाड़ (91) और तीसरे नंबर पर केएल राहुल (93) हैं।

आरसीबी ने 200+ स्कोर बनाने के बाद 7वीं बार मैच गंवाया, जिससे वह पीबीएसके के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गई है। ष्टस्य 6 हार के साथ तीसरे नंबर पर है, जबकि च्यक्र (5) चौथे स्थान पर है।

# पंजाब ने 10वीं बार 200+ रनचेज किया, प्रियांश की किंग्स के लिए सेकेंड फास्टेस्ट फिफ्टी



**नई दिल्ली।** पंजाब ने टी-20 में सबसे ज्यादा 10वीं बार 200+ टारगेट चेज किया। टीम ने शनिवार को न्यू चंडीगढ़ में सनराइजर्स हैदराबाद को 6 विकेट से हराया। ओपनर प्रियांश आर्या ने पंजाब के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाई। मार्को यानसन ने ईशान किशन का एक हाथ से कैच लपका।

### पंजाब ने 10वीं बार 200+ रनचेज किया

टी-20 में सबसे ज्यादा 200+ रनचेज के मामले में पंजाब किंग्स पहले नंबर पर है। टीम ने 10 बार 200+ रन का सफल पीछा किया है। दूसरे नंबर पर भारत है, जिसने 8 बार 200+ रनचेज किया है। तीसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसने 7 बार यह कारनामा किया है।

### प्रियांश की पंजाब के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी

प्रियांश आर्या ने 16 गेंदों में अर्धशतक जड़ा। वे पंजाब किंग्स के लिए दूसरी सबसे तेज फिफ्टी लगाने वाले बैटर बने। पहले नंबर पर केएल राहुल हैं, जिन्होंने 2018 में दिल्ली के खिलाफ 14 गेंदों में फिफ्टी लगाई थी।

### हैदराबाद का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर

सनराइजर्स हैदराबाद ने पावरप्ले में 105 रन बनाए। यह IPL में टीम का तीसरा सबसे बड़ा पावरप्ले स्कोर रहा। इससे पहले 2024 में दिल्ली के खिलाफ 125 और लखनऊ के खिलाफ 107 रन बनाए थे।

### अभिषेक पावरप्ले में 7 सिक्स लगाने वाले चौथे बैटर

अभिषेक शर्मा ने पावरप्ले में 7 सिक्स लगाकर रिकॉर्ड बनाया। वे IPL पावरप्ले में 7 सिक्स लगाने वाले चौथे बल्लेबाज बने। उनसे पहले सनथ जयसूर्या, जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो भी ऐसा कर चुके हैं।

पंजाब की ओर से पहला ओवर फेंक रहे अर्शदीप सिंह ने वाइड से शुरुआत की। इसके बाद अभिषेक शर्मा ने चौका लगाकर टीम का खाता खोला। उन्होंने पॉइंट के ऊपर से चौका लगाया।

## व्यापार

# सरकार ने डीजल और एटीएफ निर्यात पर बढ़ाया विंडफॉल टैक्स, हवाई किराये को लेकर सरकार सतर्क



**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में आए भारी उछाल के बीच भारत सरकार ने ईंधन के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में भारी वृद्धि की है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब ईरान युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के आसपास आपूर्ति श्रृंखला में पैदा हुई बाधाओं के कारण वैश्विक तेल बाजार भारी दबाव का सामना कर रहा है।

### कर की नई दरें: डीजल और एटीएफ पर भारी शुल्क

वित्त मंत्रालय की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार, डीजल और एविएशन टर्बाइन फ्यूल के निर्यात पर शुल्कों में भारी इजाफा किया गया है।

भारत अपनी बेहतरीन रिफाइनिंग क्षमता के कारण एटीएफ का एक शुद्ध निर्यातक देश है। इसलिए, निर्यात शुल्क और घरेलू मूल्य निर्धारण में होने वाला कोई भी बदलाव देश के रिफाइनरों और एयरलाइंस, दोनों के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण हो जाता है।

विमानन क्षेत्र पर दबाव और संभावित असर

वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की आसमान छूती कीमतों के कारण ईंधन की उच्च लागत का सामना कर रहा है। इन परिस्थितियों में सबसे बड़ा जोखिम यह है कि बढ़ती कीमतों का बोझ हवाई किराये के रूप में आम यात्रियों पर पड़ सकता है।

### यात्रियों को महंगाई से बचाने के लिए सरकार के कदम

अधिकारियों के अनुसार, सरकार एयरलाइंस, यात्रियों और हवाई अड्डा संचालकों के हितों को संतुलित करने के लिए सक्रिय प्रयास कर रही है। इस दिशा में नागरिक उड्डयन मंत्रालय विभिन्न विभागों के संपर्क में है और राज्य सरकारों से मदद मांग सकता है। एयरलाइंस और यात्रियों को बचाने के लिए मुख्य रूप से निम्नलिखित विकल्पों पर विचार किया जा रहा है:

# एल्युमिनियम पार्क के लिए एमओयू, डाउनस्ट्रीम कंपनियों के साथ वेदांता एल्युमीनियम की साझेदारी



**नई दिल्ली।** भारत की सबसे बड़ी एल्युमीनियम उत्पादक कंपनी वेदांता एल्युमिनियम ने ओडिशा के झारसुगुड़ा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क के भीतर डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम निर्माण इकाइयों की स्थापना के लिए दो प्रमुख कंपनियों, सिंघल स्टील एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड और स्कॉट-एल मेटकॉन प्राइवेट लिमिटेड (स्कॉटिश केमिकल इंडस्ट्रीज और यूएल इंडस्ट्रीज की सहयोगी कंपनी) के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं।

### ओडिशा में 500 करोड़ रुपये का निवेश आएगा

एमओयू हस्ताक्षर समारोह भुवनेश्वर में आयोजित हुआ, जिसमें ओडिशा सरकार के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे, जिनमें उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वाईं, उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री हेमंत शर्मा शामिल थे। झारसुगुड़ा में प्रस्तावित वेदांता एल्युमिनियम पार्क को डाउनस्ट्रीम एल्युमिनियम उद्योगों के लिए एक विश्वस्तरीय औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। इसका उद्देश्य वैल्यू एडिशन को बढ़ावा देना, एमएसएमई क्षेत्र को समर्थन देना और ओडिशा को वैश्विक एल्युमिनियम केंद्र के रूप में मजबूत करना है। इस पहल से राज्य में 500 करोड़ रुपये से अधिक का नया निवेश आने की संभावना है और लगभग 1,500 प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

इस अवसर पर उद्योग, कौशल विकास और तकनीकी शिक्षा राज्य मंत्री श्री संपद चंद्र स्वाईं ने कहा, 'यह पहल ओडिशा को एक प्रमुख औद्योगिक केंद्र के रूप में और मजबूत करती है। वेदांता एल्युमिनियम पार्क निवेश को बढ़ावा देगा, बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा करेगा और राज्य की विनिर्माण क्षमता को मजबूत करेगा। उद्योग विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव श्री हेमंत शर्मा ने कहा, 'वेदांता एल्युमिनियम पार्क ओडिशा की औद्योगिक वैल्यू चेन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बेहतर बुनियादी ढांचा और नीतिगत सहयोग के साथ हम उद्योगों को प्रतिस्पर्धी तरीके से आगे बढ़ने का अवसर दे रहे हैं।'वेदांता झारसुगुड़ा के सीईओ सी. चंद्रु ने कहा, 'झारसुगुड़ा, वेदांता एल्युमिनियम की विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। वेदांता एल्युमिनियम पार्क न केवल डाउनस्ट्रीम उद्योगों को मजबूत करेगा, बल्कि रोजगार के स्थायी अवसर पैदा करेगा, उद्यमिता को बढ़ावा देगा और क्षेत्र के समग्र विकास में योगदान देगा।'

# स्विगी के को-फाउंडर लक्ष्मी रेड्डी ने इस्तीफा दिया

### किशन-राहुल एडिशनल डायरेक्टर नियुक्त




**नई दिल्ली।** फूड और ग्रोसरी डिलीवरी प्लेटफॉर्म स्विगी के को-फाउंडर लक्ष्मी नंदन रेड्डी ओबुल ने कंपनी के बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। स्विगी ने शुक्रवार को रेगुलेटरी फाइलिंग में इसकी जानकारी दी। ओबुल कंपनी में होल-टाइम डायरेक्टर और हेड ऑफ इनोवेशन की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। उनका इस्तीफा आज (10 अप्रैल) से प्रभावी होगा।

कंपनी ने बताया कि ओबुल अब अपने दूसरे प्रोफेशनल हितों पर ध्यान देना चाहते हैं, इसलिए उन्होंने यह फैसला लिया है। ओबुल के जाने के साथ ही स्विगी के बोर्ड में कई महत्वपूर्ण नियुक्तियों और नियमों में बदलाव को भी मंजूरी दी गई है।

### अल्वेस पिंटो को नॉमिनी डायरेक्टर नियुक्त किया

स्विगी के बोर्ड ने रेनन डी कास्त्रो अल्वेस पिंटो को नॉमिनी डायरेक्टर के रूप में नियुक्त करने की मंजूरी दी है। वे प्रोसस वेंचर्स को लीड करेंगे। वे रोजर राबलाइस की जगह लेंगे, जो प्रोसस वेंचर्स में अपनी भूमिका बदलने के कारण स्विगी बोर्ड से हट रहे हैं।

इसके अलावा स्विगी के को-फाउंडर और चीफ ग्रोथ ऑफिसर फणी किशन अडेपल्ली और ग्रुप ष्टस्नह्र राहुल बोथरा को एडिशनल डायरेक्टर के रूप में नियुक्त किया गया है। इनकी नियुक्ति 1 जून 2026 से प्रभावी होगी।

### ष्टश्वह्र बोले- नंदन का विजन कंपनी के लिए अहम रहा

बोर्ड में हुए इन बदलावों पर स्विगी ग्रुप के ष्टश्वह्र श्रीहर्ष मजेटी ने कहा, 'नंदन स्विगी के सफर में एक विजनरी ताकत रहे हैं। बेंगलुरु के एक मोहल्ले से शुरू हुए स्विगी को देशव्यापी प्लेटफॉर्म बनाने में उनका योगदान अहम रहा है।'

फणी और राहुल की नियुक्ति पर मजेटी ने कहा, 'ये दोनों स्विगी के शुरुआती दिनों से हमारे साथ हैं। कंपनी के सबसे कठिन और महत्वपूर्ण समय में इन्होंने बिजनेस को संभाला है। जैसे-जैसे हम ग्रोथ के अगले फेज में जा रहे हैं, उनकी समझ और अनुभव हमारे लॉन्ग-टर्म टारगेट को हासिल करने में मददगार साबित होंगे।'

### आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन में बदलाव, ष्टश्वह्र को मिले नए अधिकार

स्विगी ने फाइलिंग में बताया कि बोर्ड ने आर्टिकल्स ऑफ एसोसिएशन (श्र) में बदलाव को मंजूरी दी है। इसके तहत एक्सेल और सॉफ्टबैंक के नॉमिनेशन राइट्स (निदेशक नामित करने के अधिकार) से संबंधित नियमों को हटा दिया गया है।

# भारतीय घरों में दुनिया के टॉप-10 बैंकों से ज्यादा सोना, इसकी कीमत 830 लाख करोड़



**नई दिल्ली।** भारतीय घरों और मंदिरों में 50,000 टन सोना रखा है, जिसकी वैल्यू करीब 10 ट्रिलियन डॉलर यानी लगभग ?830 लाख करोड़ है। भारतीय व्यापारियों के संगठन एसोचैम (द एसोसिएटेड चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री ऑफ इंडिया) की रिपोर्ट के अनुसार, यह दुनिया के सबसे बड़े 10 सेंट्रल बैंकों के कुल भंडार से भी ज्यादा है।

भारतीयों के पास इतना सोना है कि अमेरिका और चीन को छोड़कर दुनिया के लगभग हर देश की सालाना त्रष्ठक्क से भी ज्यादा है। एसोचैम का कहना है कि अगर इस सोने को देश के बैंकिंग सिस्टम या बिजनेस में लगाया जाए, तो भारतीय इकोनॉमी की रफ्तार कई गुना बढ़ सकती है।

वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के डेटा के अनुसार, भारत के आधिकारिक सरकारी खजाने में 880.3 टन सोना है,

जो दुनिया में 8वें नंबर पर है। यह अमेरिका के 8,133 टन के मुकाबले काफी कम है, लेकिन प्राइवेट स्टॉक में भारत सबसे आगे है।

### घरों में रखा सोना भारत की जीडीपी का 125% तक

कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुमान के मुताबिक, 2024 से 2026 के बीच सोने की कीमतों में आई तेजी ने भारतीय घरों की वेल्थ को जबरदस्त बूस्ट दिया है।

एसोचैम ने एक रोडमैप तैयार किया है कि कैसे इस 'डेड इन्वेस्टमेंट' को काम पर लगाया जा सकता है।

# महात्मा ज्योतिबा फूले का संपूर्ण जीवन प्रेरणादायक– बागडे



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने शनिवार को महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती समारोह में उन्हें पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए। महात्मा ज्योतिबा फुले सर्किल पर उनकी प्रतिमा को नमन करते उन्होंने कहा कि वंचितों के कल्याण के लिए समर्पित उनका संपूर्ण जीवन प्रेरणा देने वाला है।

बागडे ने कहा कि महान समाज सुधारक, महिला शिक्षा के अग्रदूत और 'सत्यशोधक समाज' के संस्थापक ज्योतिबा फुले व्यक्ति नहीं महामानव थे। उनका जीवन हमें सामाजिक समरसता और ज्ञान के लिए समर्पित रहकर दूसरों के कल्याण के लिए कार्य करने के आदर्श से जोड़ने वाला है।

राज्यपाल ने ज्योतिबा फुले के जीवन प्रसंगों को साझा करते हुए कहा कि उन्होंने रूढ़िवादी परंपराओं का विरोध किया और शिक्षा के माध्यम से समाज में जागृति लाने का कार्य किया। ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन वंचित, शोषित,पीड़ित पिछड़े वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित किया। उन्होंने महाराष्ट्र में महात्मा ज्योतिबा फुले स्मारक की चर्चा करते हुए कहा कि वह युग प्रवर्तक थे। उन्हें हमारी सच्ची श्रद्धांजलि यही है कि उनके बताए आदर्श मार्ग पर चलते हुए हम जीवन की उज्ज्वल राहों की ओर अग्रसर हों।

## सीएम भजनलाल शर्मा ने महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फूले की जयंती पर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने बाईस गोदाम स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। इस अवसर पर शर्मा ने प्रदेशवासियों से महात्मा ज्योतिबा फूले के समाज सुधारक कार्यों एवं उनके आदर्शों को अपनाकर शिक्षा और समानता के क्षेत्र में सहभागिता निभाने का आह्वान किया।

# पीडब्ल्यूडी एक्सईएन व दलाल 33 लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप

### जमीन अलाइनमेंट बदलने के नाम पर मांगी थी घूस



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर में एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) ने सार्वजनिक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक्सईएन और एक दलाल को 33 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों ट्रैप किया है। यह घूस झुंझुनूं में एक स्टेट हाईवे के रोड अलाइनमेंट में बदलाव करने और खातेदारी जमीन को सड़क से बाहर निकालने के नाम पर मांगी गई थी।

एसीबी टीम ने ट्रैप की कार्रवाई शुक्रवार रात करीब 8 बजे की। एसीबी ने जयपुर की चौमूं पुलिया के पास से 33 लाख रुपए के साथ दलाल याकूब को रंगे हाथों पकड़ा। इसी के सामानांतर कार्रवाई में झुंझुनूं में दूसरी एसीबी की टीम ने पीडब्ल्यूडी के एक्सईएन राकेश कुमार को उसके घर से गिरफ्तार किया है। आरोप है कि दलाल यह रकम राकेश कुमार तक पहुंचाने वाला था।

नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए निकाली जा रही रोड एडिशनल एसपी संदीप सारस्वत ने बताया- झुंझुनूं के बग्गड़ से स्टेट हाईवे को नेशनल हाईवे से जोड़ने के लिए रोड निकाली जा रही है। रोड अलाइनमेंट का काम झुंझुनूं इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी वैशाली नगर जयपुर को सरकार की ओर से सर्वे और अलाइनमेंट का जिम्मा दिया गया था। शिकायतकर्ता (परिवादी) की खातेदारी की जमीन को रोड में शामिल किया गया। उसके बाद रिअलाइनमेंट के नाम पर जमीन को बाहर निकालने का झांसा दिया गया। कंपनी के प्रतिनिधि याकूब अली चित्रकूट इलाके में स्थित अपने ऑफिस से रिश्वत रकम लेकर झुंझुनूं के चिड़ावा जाने की तैयारी में था। वहां यह रकम एक्सईएन राकेश कुमार को देने वाला था। एसीबी ने चौमूं पुलिया पर दबिश देकर पकड़ा शुक्रवार रात करीब 8 बजे चौमूं पुलिया के पास से 33 लाख रुपए लेने के बाद याकूब ने पीडब्ल्यूडी एक्सईएन राकेश कुमार से मोबाइल कॉल पर बातचीत की थी। रिश्वत की रकम याकूब शनिवार को चिड़ावा जाकर एक्सईएन राकेश कुमार को देने वाला था। उसके बताए अनुसार, दूसरी टीम ने झुंझुनूं में चिड़ावा से एक्सईएन राकेश कुमार को भी उसके घर से हिरासत में ले लिया। जांच में यह भी सामने आया कि याकूब अली गजट नोटिफिकेशन में अधिकृत प्रतिनिधि के रूप में शामिल है। वह किटाणा (झुंझुनूं) का रहने वाला है। इंडिकेटर जला तो एसीबी ने पकड़ा शिकायतकर्ता रिश्वत की रकम लेकर चौमूं पुलिया पहुंचा था। दलाल याकूब अपनी गाड़ी से उतरकर शिकायतकर्ता की गाड़ी में बैठ गया।

एसीबी के कहे अनुसार शिकायतकर्ता ने रिश्वत के 33 लाख रुपए दलाल याकूब को पकड़ा दिए। एसीबी को कार का इंडिकेटर जलाकर रिश्वत की रकम देने का संकेत दिया। एसीबी टीम ने इशारा मिलते ही दलाल याकूब को रिश्वत के 33 लाख रुपए के साथ रंगे हाथों पकड़ लिया।

### एसीबी की बड़ी कार्रवाई
## नगर पालिका अंता के सहायक अभियंता से 3.70 लाख रुपये की संदिग्ध राशि जब्त



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर/करौली।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई करते हुए नगर पालिका अंता (जिला बारां) के सहायक अभियंता (एईएन) महेंद्र सिंह को भारी मात्रा में संदिग्ध नकदी के साथ दबोचा है। एसीबी की करौली इकाई ने आकस्मिक चैकिंग के दौरान अभियंता के पास से 3,70,000 रुपये बरामद किए हैं। एसीबी के महानिदेशक गोविंद गुप्ता ने बताया कि ब्यूरो को गुप्त सूचना मिली थी कि अंता नगर पालिका में तैनात सहायक अभियंता महेंद्र सिंह अवैध रूप से बड़ी राशि एकत्रित कर शुक्रवार शाम या शनिवार सुबह अपने घर हिण्डौन सिटी (करौली) जाने वाले हैं। इस सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसीबी मुख्यालय ने तुरंत कार्रवाई के निर्देश जारी किए। एसीबी के उप महानिरीक्षक डॉ. रामेश्वर सिंह के सुपरविजन में पुलिस निरीक्षक जगदीश भारद्वाज की टीम ने बयाना रोड, हिण्डौन सिटी पर नाकाबंदी कर आकस्मिक चेकिंग शुरू की। तलाशी के दौरान सहायक अभियंता महेंद्र सिंह के कब्जे से 3 लाख 70 हजार रुपये की नकद राशि मिली। जब एसीबी टीम ने इतनी बड़ी राशि के स्रोत के बारे में पूछताछ की, तो अभियंता महेंद्र सिंह कोई ठोस सबूत या संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। संदेह होने पर एसीबी ने पूरी राशि को जब्त कर लिया है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक स्मिता श्रीवास्तव एवं एस परिमला के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ जारी है। ब्यूरो अब भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत इस मामले की विस्तृत जांच और अनुसंधान करेगा ताकि इस अवैध राशि के पीछे के भ्रष्टाचार का खुलासा किया जा सके।

# गंभीर बीमारियों में होम्योपैथी से इलाज संभव - विधायक गोपाल शर्मा




### हौम्यौपैथिक पद्धति को प्रोत्साहित करने के लिए ओउमाश्रय सेवा धाम सम्मानित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ़ होम्योपैथी फिजिशियंस द्वारा गोपालपुरा बायपास स्थित होटल मिस्टिक फॉल्स में डॉ सैमुअल हैनिमेन की 271वीं जयंती मनाई गई। आयोजन सचिव डॉ मुकेश गुप्ता ने बताया कि इस अवसर पर आयोजित सेमिनार में गंभीर बीमारियों पर चर्चा हुई जिसमें डॉ. अशोक लादुना, डॉ विमल सोनी, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ अमित खंडेलवाल, डॉ तारा प्रकाश यादव, डॉ एल सी शर्मा सहित कई अन्य विशेषज्ञों ने अपने पेपर प्रेजेंट किए।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सिविल लाइंस विधायक डॉ. गोपाल शर्मा रहे। उन्होंने होम्योपैथी के बारे में अपने अनुभव साझा किए तथा कहा कि इससे गंभीर इलाज संभव है।

इस अवसर पर होम्यो यूनिवर्सिटी के चेयरमैन डॉ के सी भिंडा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से तथा निराश्रित मंदबुद्धि मनोरोगी जनों के हौम्यौपैथी से उपचार द्वारा सतत् प्रोत्साहन हेतु ओउमाश्रय सेवा धाम संस्थापक यशपाल यश को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दीप हॉस्पिटल के निदेशक डॉ अनिल गुप्ता, डॉ सुनीता गुप्ता, डॉ ममता शर्मा, डॉ रवि बड़गुजर, डॉ सिमेंद्र, डॉ अंकिता माथुर,डॉ सायमा अली, डॉ मो अमान, डॉ अंजू कोठारी, योग गुरु ढाकाराम, वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र सिंह शेखावत, ओमाश्रय सेवा धाम के प्रभारी यशपाल यश, पूर्व पार्षद राम अवतार गुप्ता सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

इस गोष्ठी में डॉ अशोक कुमार लादूना ने कहा कि हम फेल हो सकते हैं लेकिन होम्योपैथी कभी फेल नहीं होती, उन्होंने फाटक रिपेर्टरी का जिक्र करते हुए अपने कई जीर्ण रोगों के उपचार के बारे में जानकारी दी और कहा कि हम बीमारियों को जड़ से खत्म कर सकते हैं।अंत में महासचिव डॉ अजय यादव ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।



# शराब पीकर युवक ने पेट्रोल छिड़क खुद को लगाई आग

### गर्लफ्रेंड को भेजने के लिए बना रहा था सुसाइड का फेक वीडियो, 45% झुलसा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** जयपुर में पेट्रोल छिड़क कर एक युवक के खुद को आग लगाने का मामला सामने आया है। गर्लफ्रेंड को डराने के लिए वह शराब पीकर सुसाइड करने का नाटक कर रहा था।

गर्लफ्रेंड को वीडियो भेजने के लिए मोबाइल में रिकॉर्ड करने के दौरान खुद पर डाले पेट्रोल ने आग पकड़ ली। कालवाड़ थाना पुलिस ने गंभीर झुलसी हालत में उसे एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिट करवाया है।

एसीपी झोटवाड़ा आलोक कुमार सैनी ने बताया कि कालवाड़ के रहने वाले 23 साल के युवक ने खुद को आग लगाई। जानकारी के मुताबिक, रात करीब 9 बजे वह शराब पीकर घर के नजदीक बने मंदिर के पास बैठा था। इस दौरान पेट्रोल छिड़ककर खुद को आग लगा ली। शरीर का ऊपरी हिस्सा झुलसने पर शोर मचाते हुए अपने घर जा पहुंचा। परिजनों के पूछने पर कभी करंट लगने, कभी किसी और के उसे जलाने और बाद में खुद के आग लगाने की कहकर बार-बार बात बदलता रहा। परिजनों ने उसे तुरंत झुलसी हालत में नजदीकी प्राइवेट हॉस्पिटल में एडमिट करवाया। डॉक्टर्स ने हालत गंभीर देखते हुए उसे एसएमएस हॉस्पिटल रेफर कर दिया। आग से 45 प्रतिशत झुलसे युवक का स्र्क्स हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।

कालवाड़ थाना पुलिस सूचना पर एसएमएस हॉस्पिटल पहुंची। वर्न वार्ड में एडमिट युवक के बयान दर्ज किए गए। पुलिस के दर्ज बयानों में युवक ने बताया कि वह शराब पीकर सुसाइड करने का नाटक कर मोबाइल में वीडियो रिकॉर्ड कर रहा था। वीडियो बनाते समय उसने शराब के नशे में होने की एक्टिंग की। उसके बाद बोतल में लाया पेट्रोल अपने ऊपर उड़ेल लिया। वीडियो बनाने के दौरान माचिस जलाते समय टी-शर्ट पर मौजूद पेट्रोल ने आग पकड़ ली। आग पकड़ने के चलते वह झुलस गया। मोबाइल में सुसाइड करने के नाटक का वीडियो वह अपनी गर्लफ्रेंड को डराने के लिए भेजने के लिए बना रहा था।

# राजभवन की फाइलों में कैद कुलगुरु का भविष्य

### सुखाड़िया यूनिवर्सिटी समेत कई विवि में नियुक्तियों पर सस्पेंस बरकरार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर/उदयपुर।** राजस्थान के उच्च शिक्षा जगत से इस वक्त की सबसे बड़ी खबर सामने आ रही है। प्रदेश के प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में 'कुलगुरु' के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया अब एक लंबी प्रतीक्षा में तब्दील हो गई है। पैनल में शामिल स्थानीय दिग्गज प्रोफेसर्स टकटकी लगाए राजभवन के फैसले का इंतज़ार कर रहे हैं, लेकिन नियुक्ति की सुई अभी भी 'अटकी' हुई है। सुखाड़िया यूनिवर्सिटी : क्या इस बार टूटेगा 'बाहरी' का तिलिस्म?

विशेषकर झीलों की नगरी उदयपुर के मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय में माहौल गरमाया हुआ है। सुखाड़िया विवि के इतिहास पर नजर डालें तो एक लंबा अरसा बीत चुका है जब किसी बाहरी चेहरे को कमान सौंपी गई थी। इस बार गलियारों में एक ही चर्चा है– 'क्या इस बार स्थानीय प्रतिभा को मौका मिलेगा?

### 'स्थानीय बनाम बाहरी : ख्याति प्राप्त प्रोफेसर्स की दावेदारी मजबूत



सैकड़ों छात्रों और शैक्षणिक स्टाफ विश्वविद्यालय के भीतर और शहर के प्रबुद्ध वर्ग में इस बात को लेकर भारी सुगबुगाहट है कि उदयपुर में ही राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुके कई दिग्गज प्रोफेसर मौजूद हैं। लंबे समय से पैनल में नाम होने के बावजूद नियुक्तियां नहीं होने से योग्य उम्मीदवारों में बेचैनी है।

हक की बात : स्थानीय शिक्षाविदों का मानना है कि यहां की भौगोलिक और शैक्षणिक परिस्थितियों को समझने वाला 'स्थानीय' नेतृत्व विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकता है।

### सिस्टम की सुस्ती या किसी बड़े बदलाव की आहट?

का भविष्य इन नियुक्तियों पर टिका है। नियुक्तियों में हो रही इस देरी ने प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। शिक्षा जगत के जानकारों का कहना है कि अगर जल्द ही योग्य कुलगुरुओं की नियुक्ति नहीं हुई, तो विश्वविद्यालयों के सत्र और विकास कार्यों पर इसका गहरा असर पड़ सकता है। 'सवाल अब केवल कुर्सी का नहीं, बल्कि साख का है। अब देखना यह है कि राजभवन इन फाइलों पर कब मुहर लगाता है और क्या उदयपुर के सुखाड़िया विवि को इस बार कोई 'अपना' कुलगुरु मिलता है या फिर इंतज़ार की ये घड़ियां और लंबी होंगी।

# जवाहर कला केन्द्र में 17 से 26 अप्रेल तक आयोजित होगा 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026'

### राजस्थान सहित अन्य राज्यों की सहकारी संस्थाएं प्रदर्शित करेंगी उत्पाद

### आमजन को एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगे शुद्ध मसाले एवं अन्य उत्पाद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं राजस्थान राज्य सहकारी उपभोक्ता संघ (कॉनफेड) द्वारा जयपुर में 17 से 26 अप्रेल तक 'राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला-2026' का आयोजन किया जाएगा। जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाले मेले में राजस्थान सहित देश के विभिन्न राज्यों की सहकारी संस्थाओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण मसालों एवं अन्य उत्पादों की प्रदर्शनी एवं बिक्री की जाएगी।

दक ने बताया कि सहकारिता विभाग एवं कॉनफेड द्वारा वर्ष 2003 से निरन्तर प्रतिवर्ष मसाला मेले का आयोजन किया जाता है, जो अब जयपुर की विशिष्ट पहचान बन चुका है। राष्ट्रीय स्तर के इस मेले का जयपुरवासियों को खास इंतजार रहता है और बड़ी तादाद में लोग इसमें खरीददारी के लिए पहुंचते हैं। मेले में आमजन को शुद्ध मसालों सहित अन्य गुणवत्तापूर्ण उत्पाद एक ही स्थान पर उपलब्ध होते हैं। उन्होंने बताया कि मसाला मेला सहकारी संस्थाओं, महिला समूहों एवं स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों के व्यवसाय, बिक्री एवं प्रचार के लिए एक सशक्त मंच प्रदान करता है। राज्य की प्रमुख सहकारी संस्थाएं, जिला उपभोक्ता भण्डार, क्रय-विक्रय सहकारी समितियां, महिला सहकारी समितियां एवं स्वयं सहायता समूह मेले में स्टॉल्स पर अपने उत्पाद प्रदर्शित करते हैं।

सहकारिता मंत्री ने बताया कि इस बार मेले में 150 स्टॉल्स लगाई जाएगी, जिन पर उच्च गुणवत्ता के मसाले, श्रीअन्न उत्पाद, ऑर्गेनिक उत्पाद, जीआई टैग उत्पाद, तेल, अनाज, हस्तनिर्मित एवं घरेलू उत्पाद आदि आमजन को उपलब्ध करवाये जाएंगे। उन्होंने बताया कि केरल की काली मिर्च एवं लौंग, इरोड (तमिलनाडू) की हल्दी एवं दालचीनी, गुंटूर (आंध्र प्रदेश) की लाल मिर्च एवं काजू, कश्मीर की केसर एवं ड्राई फ्रूट्स, पंजाब के चावल एवं रेडी टू ईट प्रोडक्ट, मध्य प्रदेश का सिहोरी गेहूं, मथानिया की लाल मिर्च, रामगंजमंडी एवं बारां का धनिया, नागौर का जीरा एवं कसूरी मैथी, जालोर की ईसबगोल, सिरोही की सौंफ, प्रतापगढ़ की हींग, चित्तौड़गढ़ की अजवाइन, पुष्कर का गुलकन्द, नाथद्वारा की ठण्डाई, भुसावर का अचार, राजसमंद का शर्बत, सोजत की मेहंदी, डूंगरपुर का आम पापड़, झाड़ोल की अरहर दाल, बीकानेर के पापड़ आदि मेले के मुख्य आकर्षण होते हैं।

दक ने बताया कि मेले में ग्राहकों के लिए मोबाइल चक्की के माध्यम से निशुल्क हाथों-हाथ मसाले पीसकर देने की व्यवस्था उपलब्ध करवाई जाती है। आगन्तुक ग्राहकों के लिए प्रतिदिन लक्की ड्रॉ एवं समापन पर बम्पर ड्रॉ की व्यवस्था रहेगी। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिदिन अलग-अलग संभागों के लोक कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां होंगी। दक ने मेले में आगन्तुकों के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं।

### 'रीको की बड़ी पहलः राजस्थान वित्त निगम को संपत्ति विक्रय के लिये सशर्त एनओसी मंजूर

**जयपुर।** राजस्थान में औद्योगिक विकास एवं आर्थिक गतिविधियों को गति देने के उद्देश्य से राज्य सरकार द्वारा त्वरित निर्णय लिए जा रहे हैं। प्रदेश में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस को सुदृढ़ बनाने के लिए महत्वपूर्ण कदम लगातार उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में, राजस्थान वित्त निगम को रीको द्वारा आवंटित संपत्तियों के विक्रय हेतु रीको ने अनापत्ति प्रमाण-पत्र (एनओसी) जारी करने के संबंध में सशर्त मंजूरी प्रदान की है।

# इंस्पेक्टर दिनेश सिंह 'नेशनल रोड़ सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड, 2026' से सम्मानित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर /बेंगलुरू।** ऑल इंडिया फेडरेशन ऑफ मोटर व्हीकल्स डिपार्टमेंट टेक्निकल ऑफिसर्स एसोसिएशन के द्वारा 10 अप्रेल 2026 को बेंगलुरू, कर्नाटक में आयोजित एक्सीलेंस अवार्ड, 2026' प्रोग्राम में इंस्पेक्टर दिनेश सिंह को 'नेशनल रोड सेफ्टी एक्सीलेंस अवार्ड, 2026' से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड परिवहन मंत्री, कर्नाटक सरकार रामालिंगा रेड्डी मुख्य अतिथि एवं विशेष अतिथि एस.आर. विश्वनाथ विधायक येलंका, कर्नाटक एवं सम्मानित अतिथि डॉ. एन वी प्रसाद, आईएएस, सेक्रेटरी, परिवहन विभाग, कर्नाटक सरकार एवं योगेश एएम आईएएस कमिश्नर, परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, कर्नाटक सरकार एवं राजेश जे नावेकर आईएएस, कमिश्नर परिवहन, महाराष्ट्र सरकार, किंजल सिंह, आईएएस, कमिश्नर परिवहन, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा इंस्पेक्टर दिनेश सिंह जो, कि प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर-द्वितीय, विद्याधर नगर, जयपुर, राजस्थान में पदस्थापित हैं, को अवॉर्ड सेरेमनी प्रोग्राम में सम्मानित किया गया है। दिनेश सिंह को यह सम्मान उनके द्वारा रोड़ सेफ्टी अवेयरनेस में उत्कृष्ट योगदान, समर्पण और प्रभावपूर्ण पहलों एवं दुघर्टना नियंत्रण के लिए दिया गया है। इस प्रोग्राम में परिवहन विभाग, कर्नाटक सरकार में पदस्थापित कर्मचारी एवं पूरे भारतवर्ष में परिवहन विभाग में पदस्थापित इंस्पेक्टर, जिला परिवहन अधिकारी एवं अन्य अधिकारी शामिल हुए। अंत में प्रोग्राम के आयोजक अशफाक अहमद (प्रेसीडेंट), जी सम्पथ कुमार (जनरल सेक्रेटरी), सचिन बोधाले (ट्रेजरर) ने सभी का अभिवादन किया।

# सत्ता चलकर पहुंचे झौंपड़ी तक



एसके मंगल

शबरी बोली, यदि रावण का अंत नहीं करना होता तो हे राम! तुम यहां कहां से आते ? राम गंभीर हुए और कहा कि 'भ्रम में न पड़ो माते!

राम क्या केवल रावण का वध करने यहां आया है...? अरे! रावण का वध तो मेरा अनुज लक्ष्मण भी कर सकता था। राम हजारों कोस चल कर इस गहन वन में आया है तो केवल तुमसे मिलने आया है माते, ताकि हजारों वर्षों बाद जब कोई पाखण्डी भारत के अस्तित्व पर प्रश्न खड़ा करे। तो इतिहास चिल्ला कर उत्तर दे कि इस राष्ट्र को क्षत्रिय राम और उसकी भीलनी मां ने मिल कर गढ़ा था। जब कोई कपटी भारत की परम्पराओं पर उंगली उठाये तो काल उसका गला पकड़ कर कहे कि नहीं। यह एकमात्र ऐसी सभ्यता है जहां एक राजपुत्र वन में प्रतीक्षा करती एक दरिद्र वनवासिनी से भेंट करने के लिए चौदह वर्ष का वनवास स्वीकार करता है। राम वन में इसलिए आया है ताकि जब युगों का इतिहास लिखा जाय तो उसमें अंकित हो कि सत्ता जब पैदल चल कर समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तभी वह रामराज्य है। राम वन में इसलिए आया है, ताकि भविष्य स्मरण रखे कि प्रतिक्षाएं अवश्य पूरी होती हैं। सबरी एकटक राम को निहारती रहीं। राम ने फिर कहाः- कि राम की वन यात्रा रावण युद्ध के लिए नहीं है माता! राम की यात्रा प्रारंभ हुई है भविष्य के लिए, आदर्श की स्थापना के लिए, धर्म की स्थापना के लिए। राम आया है ताकि विधर्मियों को बता सके कि अन्याय का अंत करना ही धर्म है द्य राम आया है ताकि युगों को सीख दे सके कि विदेश में बैठे शत्रु की समाप्ति के लिए आवश्यक है कि पहले देश में बैठी उसकी समर्थक सूर्पणखाओं की नाक काटी जाए और खर-दूषणो का घमंड तोड़ा जाय।?और राम आया है ताकि युगों को बता सके कि रावणों से युद्ध केवल राम की शक्ति से नहीं बल्कि वन में बैठी बूढ़ी शबरी के आशीर्वाद से जीते जाते हैं। सबरी की आँखों में अश्रु भर आए, उसने बात बदलकर कहाः- कन्द खाओगे पुत्र राम...। राम मुस्कुराए बोले, 'बिना खाये जाऊंगा भी नहीं मां...।' संसार को मर्यादा का पाठ पढ़ाने वाले पुरुषोत्तम हैं।

# आमजन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास कार्यों में गति लाएं - अपर्णा गुप्ता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता शनिवार को उपखण्ड बहरोड़ दौरे पर रहीं, इस दौरान उन्होंने जिला चिकित्सालय, उपखण्ड एवं तहसील कार्यालय, अन्नपूर्णा रसोई और केंद्रीय विद्यालय के निर्माण हेतु अनंतपुरा में प्रस्तावित भूमि का भी अवलोकन किया।

बैठक में दिए आवश्यक निर्देश- जिला कलेक्टर अपर्णा गुप्ता ने इस दौरान पंचायत समिति कार्यालय के सभागार में ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें विभागवार योजनाओं की प्रगति, रसद, राजस्व, और पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के समयबद्ध निस्तारण की समीक्षा की गई।

उन्होंने गर्मी के मौसम को देखते हुए निर्बाध पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने और जल जीवन मिशन और समर कंटिंजेंसी के कार्यों की प्रगति और खराब हैंडपंपों को तत्काल ठीक करने पर जोर दिया, विद्युत निगम को बिजली आपूर्ति के समब्ध में शिकायत प्राप्त होने पर तुरंत निपटाने और पीएम कुसुम योजना के तहत सोलर सिस्टम लगाने हेतु अधिकाधिक लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने उपखण्ड में सड़कों की स्थिति, कानून व्यवस्था, एलपीजी और व्यवसायिक गैस की उपलब्धता एवं आपूर्ति, कृषि, चिकित्सा एवं शिक्षा विभाग के कार्यो की प्रगति की समीक्षा की एवं राजस्व के लंबित प्रकरणों के शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए। साथ ही बजट घोषणाओं की क्रियान्विति की समीक्षा कर कार्यो को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत अधूरे आवासों को समय पर पूरा करने और पात्रों को लाभान्वित करने को कहा एवं पटवार सर्किल और रेवेन्यू गिरदावरी व फसल रिपोर्टिंग की प्रगति की समीक्षा की। राजस्थान सम्पर्क पोर्टल दर्ज शिकायतों का प्राथमिकता से निस्तारण के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे फील्ड में जाकर आमजन से सीधा संवाद करें। उन्हें स्थानीय भाषा में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में समझाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग इन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।

जिला चिकित्सालय में देखी व्यवस्थाएं-जिला कलक्टर ने उपखण्ड दौरे के दौरान राजकीय विशम्भर दयाल गुप्ता जिला चिकित्सालय बहरोड़ का निरीक्षण कर चिकित्सा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने अस्पताल में मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सेवाओं, साफ-सफाई व्यवस्था, दवा वितरण एवं जांच सुविधाओं को देखा एवं ओपीडी, आईपीडी, आपातकालीन कक्ष, दवा वितरण काउंटर तथा विभिन्न वार्डों का निरीक्षण करते हुए मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उपचार एवं उपलब्ध सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था को और सुदृढ़ बनाए रखने तथा मरीजों को समय पर समुचित उपचार उपलब्ध कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। निरीक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने दवा भंडार कक्ष का अवलोकन कर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए।



## राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस 16 अप्रेल को

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राजस्थान पुलिस स्थापना दिवस का आयोजन 16 अप्रेल को किया जायेगा। इस मौके पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन होगा। जिसकी तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह ने पुलिस अधिकारियों की बैठक लेते हुये आवश्यक निर्देश दिये। साथ ही जिले के आसूचना अधिकारी व लिंक आसूचना अधिकारी/कालिका यूनिट/डीएसटी व एजीटीएफ आदि टीमों के साथ संवाद किया।

एसपी ने जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक) से समन्वय कर 15 अप्रैल को स्कूली छात्र व छात्राओं के लिये जिला स्तर पर एवं 17 अप्रैल को संभाग स्तर पर आयोजित होने वाली क्विज प्रतियोगिता को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। एसपी ने जिले के आसूचना अधिकारियों व लिंक आसूचना अधिकारी के साथ संवाद कर आसूचना अधिकारियों व लिंक अधिकारियों को पंचायत व निकाय चुनाव के मध्यनजर अपने-अपने थाना क्षेत्र के महत्वपूर्ण व्यक्तियों का व्हॉट्सअप ग्रुप बनाने एवं ग्रुप से सभी से जुड़कर आसूचना संकलन करने हेतु निर्देशित किया। जिले में संचालित कालिका यूनिट से संवाद कर आमजन को अधिक से अधिक राजकोप एप के बारे में जानकारी, बालिकाओं व महिलाओं को साईबर ठगी के बारे में जानकारी देकर साईबर ठगी होने पर की जाने वाली कार्यवाही के बारे में बताना, आपातकालीन हैल्पलाईन नं. 112, चाईल्ड हैल्पलाईन नं. 1098, गरिमा हैल्पलाईन नं. 1090 के बारे में जानकारी, साईबर हैल्पलाईन नं. 1930 के बारे में जानकारी, बालिकाओं को पोक्शो एक्ट, घरेलू हिंसा कानून के बारे में जानकारी व जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया।



## बीकानेर सहायक निदेशक ने चूरी स्कूल का निरीक्षण किया

### प्रवेशोत्सव अभियान की स्थिति जानी, नामांकन बढ़ाने के निर्देश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** प्रारंभिक शिक्षा निदेशालय, बीकानेर के सहायक निदेशक सुमेर सिंह ने शुक्रवार को कोटपूतली ब्लॉक के सरकारी उच्च माध्यमिक स्कूल, चूरी का औचक निरीक्षण किया।

यह निरीक्षण राज्य सरकार के निर्देशानुसार शिक्षा विभाग द्वारा संचालित प्रवेशोत्सव अभियान की जमीनी हकीकत का आकलन करने के उद्देश्य से किया गया। निरीक्षण के दौरान, सहायक निदेशक ने स्कूल में नामांकन वृद्धि, हाउसहोल्ड सर्वे और ड्रॉपआउट बच्चों को शिक्षा की मुख्यधारा से दुबारा जोड़ने के प्रयासों की समीक्षा की। उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों, मिड-डे मील की गुणवत्ता और निशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण व्यवस्था का भी जायजा लिया। सुमेर सिंह ने स्टाफ और स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्यों से संवाद कर फीडबैक लिया। उन्होंने परिसर की स्वच्छता और नामांकन बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। सहायक निदेशक ने कहा कि विभाग का मुख्य उद्देश्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को अंतिम छोर तक पहुंचाना है। इस अवसर पर अतिरिक्त ब्लॉक शिक्षा अधिकारी दयाराम चोरड़िया, पीईईओ रामकिशन, प्रिंसिपल रजकेश खारड़िया, वाइस प्रिंसिपल राजेन्द्र मीना, लेक्चरर सत्यवीर यादव सहित रामचन्द्र, राजेन्द्र कुमार, शीशराम, ज्ञानचंद, शेरसिंह, योगेश और सुमेश सहित अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।



## महात्मा फुले के आदर्शों, सिद्धांतों एवं विचारधारा का करें अनुसरण

### जिले में 14 अप्रैल तक होंगे विविध आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** राज्य सरकार के निर्देशानुसार डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 11 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक जिले में विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला का शुभारंभ शनिवार को कोटपूतली के मुख्य चैराहे पर आयोजित कार्यक्रम में जिला कलक्टर अपर्णा गुप्ता द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की। जिला कलक्टर ने कहा कि भारतीय इतिहास में समय-समय पर ऐसे महान व्यक्तित्व हुए हैं जिन्होंने समाज में व्याप्त कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाकर परिवर्तन की राह प्रशस्त की। महात्मा ज्योतिबा फुले आधुनिक भारत के अग्रणी समाज सुधारकों में से एक रहे हैं। उन्होंने जाति प्रथा, बाल विवाह, महिला शिक्षा की कमी एवं छुआछूत जैसी सामाजिक बुराइयों के खिलाफ संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि फुले एवं उनकी धर्मपत्नी सावित्रीबाई फुले का जीवन सामाजिक क्रांति का प्रतीक है। उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का सबसे सशक्त माध्यम मानते हुए महिलाओं एवं दलित वर्ग के लिए शिक्षा के द्वार खोले।

उस समय जब लड़कियों की शिक्षा को पाप समझा जाता था, तब उन्होंने अपनी पत्नी के साथ मिलकर पहला बालिका विद्यालय स्थापित किया। उनके विचार आज भी समाज को समानता, शिक्षा एवं मानवता की दिशा में प्रेरित करते हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे महात्मा फुले के आदर्शों, सिद्धांतों एवं विचारधारा का अनुसरण करें।



## 10वीं बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कस्बे के बानसूर रोड़ स्थित इम्मानुअल मिशन सैकेण्डरी स्कूल में हाल ही में 10वीं बोर्ड परीक्षा परिणाम में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। परीक्षा परिणामों में विधालय के छात्र भव्य पुत्र ख्यालीराम सैनी ने 98.67 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं छात्र अंशु पुत्र ओमप्रकाश अलवारिया ने 98 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इसी प्रकार अभिषेक अग्रवाल ने 97.67 प्रतिशत, निमिष गुप्ता ने 97 प्रतिशत, आयुषी ने 96.83 प्रतिशत, वंश गुप्ता ने 96.83 प्रतिशत, अंजली कुमावत ने 96.67 प्रतिशत, यश पायला ने 96.17 प्रतिशत, अरमान ने 95.67 प्रतिशत, वंश अग्रवाल ने 94.33 प्रतिशत, यशस्वी यादव ने 94.00 प्रतिशत, देवांशी तंवर ने 92.83 प्रतिशत, आदित्य शर्मा ने 92.50 प्रतिशत, डिम्पल यादव ने 92.17 प्रतिशत, तरुण यादव ने 92.00 प्रतिशत, प्रिंस समर प्रताप ने 91.83 प्रतिशत, विनीत सैनी ने 91.67 प्रतिशत, अनन्य बंसल ने 91.50 प्रतिशत, विनय कुमार ने 91.33 प्रतिशत, यतिन शर्मा ने 91.33 प्रतिशत, सार्थक गुर्जर ने 91.17 प्रतिशत, आयुषी कौशिक ने 90.83 प्रतिशत व अंश ने 90.67 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। जिनका विधालय प्रषासन द्वारा साफा व माला पहनाकर, प्रषस्ती पत्र व प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। इस मौके पर स्काउट में गवर्नर अवॉर्ड प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को भी सम्मानित किया गया। इस वर्ष राज्य पुरूस्कार प्राप्त करने वाले स्काउट विद्यार्थियों वंश गुप्ता, आदित्य शर्मा, प्रिंस को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। वहीं विद्यालय की पूर्व छात्रा आरुषि अग्रवाल के गुजरात न्यायिक सेवाओं में चयनित होने पर सम्मानित किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि एसीबीईओ पूरणचन्द कसाना ने विधार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर नियमित अध्ययन करते हुये आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। विषिष्ठ अतिथि प्राईवेट स्कूल एसोसिएशन के सचिव दुर्गाप्रसाद ने भी अपने विचार व्यक्त किये। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य जोसपी जकारिया सहित स्टॉफ मौजूद रहा।

## नगर ब्राह्मण समाज की महत्वपूर्ण बैठक आज

### परशुराम जयंती की तैयारियों पर होगा मंथन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** नगर ब्राह्मण समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक 12 अप्रैल रविवार को सायं 4 बजे भगवान परशुराम मंदिर प्रांगण कोटपूतली में आयोजित की जाएगी। यह बैठक समाज के वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन में तथा तहसील ब्राह्मण सभा के अध्यक्ष नवरतन शर्मा के सानिध्य में सम्पन्न होगी। कार्यक्रम का निर्देशन भगवान परशुराम मंदिर प्रबंध समिति के अध्यक्ष हरिशंकर शर्मा द्वारा किया जाएगा, जबकि बैठक की अध्यक्षता नगर ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष बजरंगलाल शर्मा करेंगे। बैठक में समाज के आय-व्यय का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही भगवान परशुराम जयंती 2026 की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा एवं महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाएंगे।

## बजट क्विज में बानसूर की कंचन सैनी का चयन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** कोटपूतली-बहरोड़ जिले के बानसूर क्षेत्र की कंचन सैनी का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित बजट क्विज प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इस उपलब्धि के बाद वे 13 अप्रैल को जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से वर्चुअल संवाद करेंगी। उन्हें राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े से भी मुलाकात का अवसर मिलेगा। ये प्रतियोगिता भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अधीन संचालित 'माय भारत' विभाग द्वारा आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य देशभर के युवाओं को बजट, नीति निर्माण और विकास से संबंधित मुद्दों पर अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता के शुरुआती चरण में देशभर से 12 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया था। चयन प्रक्रिया दो चरणों में पूरी हुई, जिसमें पहले चरण में एक क्विज प्रतियोगिता और दूसरे चरण में 10 विषयों पर आधारित ऑनलाइन निबंध लेखन शामिल था। इन दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को अंतिम चरण के लिए चुना गया। कार्यक्रम का आयोजन राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में किया जाएगा। इसमें देशभर से चयनित युवा भाग लेंगे और राष्ट्रीय स्तर के नेतृत्व के साथ संवाद करेंगे। कंचन सैनी ने बताया कि इस प्रतियोगिता में उनका चयन गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि इतने बड़े मंच पर अपने विचार रखने का अवसर मिलना युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। वे देश के विकास, बजट और युवाओं से जुड़े मुद्दों पर अपने सुझाव साझा करेंगी।

## मारपीट और अपहरण मामले में दो आरोपियो को किया गिरफ्तार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** सरूण्ड थाना पुलिस ने मारपीट और अपहरण के एक दर्ज मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नाजिम अली खान एवं पुलिस उप अधीक्षक राजेंद्र कुमार बुरड़क के सुपरविजन में सरूण्ड थाना अधिकारी यशपाल सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने कार्यवाही करते हुए भूपसिंह उर्फ भूप पुत्र रामषरण गुर्जर व देवेन्द्र उर्फ देवी पुत्र रामकरण गुर्जर दोनो निवासी सादा की ढाणी, मुसनौता जिला महेंद्रगढ को गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी यषपाल सिंह ने बताया कि 27 मार्च 2026 को परिवादी भूपसिंह पुत्र दयाराम गुर्जर निवासी चांचकी ने मामला दर्ज कराया कि आरोपियों ने उसके साथ मारपीट की, उसकी बुलेट मोटरसाइकिल को क्षतिग्रस्त किया और उसके दोस्त महेश कुमार का अपहरण कर उसे कैम्पर बोलेरो में जबरन ले गए। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने विशेष टीम का गठन कर आरोपियों की तलाश शुरू की। लगातार आसूचना संकलन और संभावित ठिकानों पर दबिश के बाद दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया गया।वारदात का कारण-पुलिस पूछताछ में आरोपियो ने बताया कि ग्राम चांचकी मे महेष कुमार गुर्जर के यहा बहन की शादी कर रखी है जो गाडी चलाने का काम करता है तथा शराब पीने का आदि है। जो काफी समय से हमे गाली-गलौच कर रहा था। 24 मार्च को भी पुरानी चली आ रही पारिवारिक लडाई के कारण महेष गुर्जर ने आरोपियो के पास फोन कर दिया। जिसे आरोपीगण नाराज होकर रात के समय महेष कुमार व उसके दोस्त भूपसिंह के साथ झगडा व मारपीट की तथा महेष कुमार को बोलेरो कैम्पर मे उठाकर ले गये। एसएचओ यषपाल सिंह ने बताया कि आरोपी भूपसिंह के खिलाफ पुलिस थाना खेतडी, नांगलचैधरी, निजामपुर व थाना सरूण्ड मे कुल 8 तथा आरोपी देवेन्द्र के खिलाफ थाना निजामपुर व सरूण्ड मे कुल तीन अपराधीक मामले दर्ज है।

## नवपदस्थापित एसपी सतवीर सिंह से की शिष्टाचार भेंट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**कोटपूतली।** कांग्रेस नेता एवं जयपुर हाईकोर्ट अधिवक्ता देवांश सिंह के नेतृत्व में शिष्टमंडल ने नवपदस्थापित एसपी सतवीर सिंह से शिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर देवांश सिंह ने बुके भेंटकर एसपी का स्वागत एवं अभिनंदन किया। साथ ही जिले की कानून व्यवस्था, सुरक्षा और विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर विस्तार से चर्चा की।

एसपी सतवीर सिंह ने शिष्टमंडल को आष्वस्त करते हुये कहा कि जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाये रखना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता रहेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस पूरी गंभीरता से कार्य करेगी। वहीं देवांश सिंह ने एसपी सतवीर सिंह को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे जिले के विकास और सुरक्षा के लिए प्रशासन के साथ मिलकर सकारात्मक सहयोग करेंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान विभिन्न स्थानीय मुद्दों पर भी विचार-विमर्ष हुआ, जिस पर एसपी ने त्वरित और प्रभावी कार्यवाही का भरोसा दिलाया।



## डॉ. मीणा ने पूर्व सीएम गहलोत से की शिष्टाचार भेंट

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के प्रदेष महासचिव डॉ. अभिलाष मीणा ने शनिवार को राजधानी जयपुर पहुंचकर प्रदेष के पूर्व मुख्यमंत्री अषोक गहलोत से षिष्टाचार भेंट की। इस मौके पर डॉ. मीणा ने पूर्व सीएम से संगठनात्मक गतिविधियों पर चर्चा करते हुये जिले में पाटज़ के कार्यक्रमों एवं आगामी निकाय व पंचायती राज चुनाव के सम्बंध में भी विस्तृत चर्चा की।



## फुले-अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में 116 युवाओं ने किया रक्तदान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**उदयपुरवाटी।** कस्बे में घूमचक्कर के निकट महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबाराव फुले एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के पावन अवसर पर गोस्वामी तुलसीदास महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस आयोजित विशाल रक्तदान शिविर में क्षेत्र के युवाओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए मानवता की सेवा का संकल्प लिया। रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गीता फाउंडेशन के निदेशक विनोद कुमार के कुशल निर्देशन में शांति ब्लड बैंक की टीम द्वारा कुल 116 यूनिट रक्त का संग्रहण किया गया। यह रक्त भविष्य में जरूरतमंदों के जीवन बचाने के काम आएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता युवा कांग्रेस के विधानसभा अध्यक्ष प्रत्याशी हिमांशु सैनी एवं विकास सैनी ने की। इस दौरान अतिथियों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया। शिविर के सफल आयोजन में गोस्वामी तुलसीदास कॉलेज संचालक सहदेव जी सैनी, कॉलेज व्यवस्थापक धर्मवीर सैनी, दिनेश मिटावा, रणवीर सिंह खंडेला, इंद्राज सैनी, मनीष शेखावत, रणजीत कटारिया, धन्नाराम सैनी, बीएल सैनी, सुल्तान सिंह, निखिल बाटू ने सक्रिय भूमिका निभाई। रणवीर सिंह खंडेला ने कहा कि महापुरुषों की जयंती को सेवा कार्यों के रूप में मनाना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि है।



## प्रवेशोत्सव कार्यक्रम व विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**कोटपूतली।** ग्राम राहेड़ा में नवीन सत्र 2026-27 का प्रवेशोत्सव कार्यक्रम व बोर्ड परीक्षा में प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। इस मौके पर प्रतिभावान विद्यार्थियों का माला व साफा पहनाकर एवं रैली निकाल कर सम्मान किया गया। संस्था प्रधान शार्दूल सिंह ने ग्रामीणों को 01 अप्रैल से नये सत्र के प्रारम्भ होने की जानकारी दी। उन्होंने राजकीय विद्यालय में प्रवेश के बाद दी जाने वाली सरकारी योजनाओं जैसे छात्रवृत्ति, निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, निःशुल्क पोशाक, बालिकाओं को निःशुल्क साईकिल आदि के बारे में भी बताया। एसडीएमसी सदस्य महावीर सूबेदार ने विधार्थियों का राजकीय विद्यालय में प्रवेश कराने के लिये ग्रामीणों को प्रेरित किया। हेमराज राहेड़ा ने बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लेकर आये विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान एसडीएमसी सदस्य, अभिभावक, विधार्थी व ग्रामीण मौजूद रहे।

## मोटिवेशनल सेमिनार व ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम 13 को

**कोटपूतली।** कस्बा स्थित श्री कृष्ण महिला छात्रावास में सोमवार 13 अप्रैल को मोटिवेशनल सेमिनार व बालिकाओं को ट्रैक सूट वितरण कार्यक्रम का आयोजन होगा। प्रवक्ता डॉ. रामकरण यादव ने बताया कि छात्रावास में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही बालिकाओं को बेहतर मार्गदर्शन प्रदान कर मोटिवेशन प्रदान किया जायेगा। साथ ही समस्त बालिकाओं को ट्रैक सूट वितरण किया जायेगा। बालिकाओं को प्रोत्साहित करने हेतु प्रबुद्ध यादव समाज के ज्यादा से ज्यादा महानुभावों को कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया है।

## बुजुर्ग महिला से कुंडल लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

कोटपूतली।पुलिस थाना बहरोड़ ने प्रभावी कार्यवाही करते हुए अंतरराज्यीय लूट गैंग का पर्दाफाश कर बुजुर्ग महिला से सोने के कुंडल छीनने की वारदात का खुलासा किया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूटे गए सोने के कुंडल एवं वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की है। कोटपूतली-बहरोड जिला पुलिस अधीक्षक सतवीर सिंह के निर्देशानुसार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीमराना सुरेश कुमार खींची के निर्देशन एवं पुलिस उप अधीक्षक बहरोड़ सचिन शर्मा के सुपरविजन में थाना प्रभारी अंकित कुमार सामरिया के नेतृत्व में हेड कांस्टेबल मोहनलाल, कांस्टेबल महेश कुमार, रोशनलाल एवं बंशीराम की गठित टीम ने कार्यवाही को अंजाम दिया। थाना प्रभारी अंकित कुमार सामरिया ने बताया कि घटना 18 मार्च की है, जब कस्बा बहरोड़ स्थित बिहारी जी मंदिर के पास एक 62 वर्षीय महिला शशिबाला पत्नी टेकचन्द तिवाडी से बाईक सवार दो बदमाशों ने कुंडल छीन लिए थे। आरोपियों ने पहले महिला से मंदिर का रास्ता पूछा और फिर चेहरे पर पाउडर डालकर उसकी आंखों की रोशनी बाधित कर कुंडल छीनकर फरार हो गए। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने लगभग 200-250 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और 100 से अधिक संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की। तकनीकी साक्ष्यों और जांच के आधार पर 8 अप्रैल को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजकुमार उर्फ राजू पुत्र राधेष्याम माली निवासी गुर्जरवाड़ा, रेवाड़ी (हरियाणा) और गोविंद पुत्र महावीर प्रसाद शर्मा निवासी मातौर रोड खैरथल-तिजारा के रूप में हुई है।

# जिला प्रशासन ने महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर अर्पित की पुष्पांजलि

### सामाजिक समरसता का लिया संकल्प

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर** । महान समाज सुधारक और विचारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में गरिमामय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपखंड अधिकारी कर्मवीर सिंह एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों ने महात्मा फुले की चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया। इस दौरान सभी अधिकारियों ने महात्मा ज्योतिबा फूले के योगदान को याद कर उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया।



धौलपुर.महात्मा ज्योतिबा फुले की चित्र पर पुष्प अर्पित करते अधिकारीगण

इस दौरान सहायक निदेशक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता देवेंद्र सिंह जांगल ने महात्मा फुले के सत्यशोधक समाज और शिक्षा के क्षेत्र में उनके क्रांतिकारी कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने महिलाओं और वंचितों की शिक्षा के लिए जो मार्ग प्रशस्त किया, वह आज भी प्रासंगिक है।

बताते चले कि महात्मा फुले जयंती समारोह के साथ-साथ आगामी दिनों में डॉ भीमराव अंबेडकर जयन्ती के अवसर पर 12 से 14 अप्रैल तक राजकीय विद्यालयों व महाविद्यालयों में सामाजिक न्याय और संविधान जागरूकता से जुड़े विभिन्न ऑनलाइन क्विज और कार्यक्रमों आयोजित किये जायेंगे, साथ ही 13 अप्रैल को बाबा साहब अंबेडकर के जीवनवृत पर व्याख्यान का आयोजन भी किया जायेगा और 14 अप्रैल को जिला स्तरीय समापन दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. धर्मसिंह मीणा, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक भूपेश गर्ग, आर्थिक व सांख्यिकी विभाग के उपनिदेशक राजेश कुमार, सहित जिला प्रशासन के अधिकारी, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## क्रिकेट ग्रीष्मकालीन शिविर 15 अप्रैल से शुरू

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राजस्थान क्रिकेट संघ के तत्वावधान में जिला क्रिकेट संघ द्वारा युवाओं के खेल कौशल को निखारने के उद्देश्य से आगामी 15 से 30 अप्रैल तक क्रिकेट ग्रीष्मकालीन शिविर का आयोजन होगा। जिला क्रिकेट संघ के प्रवक्ता संजीव श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर खेल मैदान इंदिरा गांधी स्टेडियम बड़ी फील्ड में आयोजित होगा। जिसमें अंडर 14, 16, 19 एवं 23 आयु वर्ग के पुरुष एवं महिला खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। शिविर में अनुभवी कोच बीसीसीआई लेवल 1 दुष्यंत त्यागी, सुरजीत सिंह, संजीव कुमार खिलाड़ियों को बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग और फिटनेस से जुड़ी बारीकियों का प्रशिक्षण देंगे। साथ ही प्रतिभागियों को खेल भावना, अनुशासन और टीम वर्क के महत्व के बारे में भी बताया जाएगा।

# पुलिस वाला बनकर स्कूटी छीनकर ले जाने बाला शातिर बदमाश पकड़ा

### करौली से किया गिरफ्तार स्कूटी बरामद व चोरी गई बाइक भी बरामद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर की कोतवाली थाना पुलिस ने एसपी धौलपुर विकास सांगवान द्वारा चलाए गए ऑपरेशन प्रहार अभियान में कार्रवाई करते हुए बाइक और स्कूटी चोरी के दो मामलों में सफलता हासिल की है। पुलिस ने जहां चोरी गई बाइक को मुखबिर की सूचना पर बरामद किया है। वही अपने आप को पुलिस वाला बताकर पीड़ित की स्कूटी रुकवाकर छीनकर भागने वाला आरोपी भी पुलिस की हाथ लगा है। जिससे चोरी गई स्कूटी भी बरामद की गई है। फिलहाल पुलिस वाला बनकर चोरी करने वाले आरोपी से पुलिस पूछताछ में जुटी है।

कोतवाली थाना अधिकारी देवेंद्र शर्मा ने बताया की 5 अप्रैल को दिन में करीब 3 बजे बाड़ी से अपने गांव उमरेह जा रहे स्कूटी सवार पवन पुत्र ओमप्रकाश गौड़ से संत नगर रोड पर एक व्यक्ति ने स्कूटी को रुकवाया और अपने आप को पुलिस वाला बताकर स्कूटी के कागजात मांगे। जब पीड़ित कागजात देने लगा तो आरोपी ने झपट्टा देकर उसे गिरा दिया और स्कूटी को लेकर भाग गया।



बाड़ी.. बरामद हुई चोरी की बाइक और स्कूटी।

पीड़ित पबन गौड़ ने कोतवाली थाने में रिपोर्ट दी। जिस पर एएसआई दीनदयाल के नेतृत्व में कांस्टेबल राजेंद्र सिंह, सूबे सिंह,सूरज और राहुल की टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी कैमरों के आधार पर आरोपी का पता लगाया। जिसकी पहचान भीम नगर सरमथुरा निवासी नितिन पुत्र कैलाशी जाटव के रूप में हुई। जिसे करौली के गुलाब बाग बस स्टैंड से पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अनुसंधान के दौरान उसकी निशानदेही पर स्कूटी भी बरामद कर ली गई है। फिलहाल शातिर बाइक चोर से पुलिस पूछताछ में जुटी है।

वहीं दूसरी कार्रवाई में कोतवाली पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर 2 अप्रैल को शहर की रिंग रोड हरि पटेल के अड्डे से गायब हुई स्प्लेंडर बाइक को बरामद किया है। बाइक चोरी की इस घटना को लेकर पीड़ित रामलखन पुत्र राजाराम गुर्जर निवासी कुदिन्ना थाना सोने का गुर्जा ने पुलिस थाने पर रिपोर्ट दी थी। बाइक बरामदगी के बाद अब चोर की तलाश जारी है।

## आग की चपेट में आने से तीन दुकानें खाक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** फद्दी खां चौराहे के पास सुबह करीब 5 बजे भीषण आग लग गई। इस घटना में टायर पंचर, चाय और चाउमीन की तीन दुकानें जलकर खाक हो गई। आग लगने के दौरान एक दुकान में रखा गैस सिलेंडर फट गया, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार, आग सबसे पहले एक दुकान में लगी और तेजी से पास की दो अन्य दुकानों तक फैल गई। चाय की दुकान में रखे गैस सिलेंडर के फटने से आग और विकराल हो गई, जिससे नुकसान बढ़ गया। इस हादसे में करीब 2 लाख रुपए का नुकसान बताया जा रहा है।

### जिले के मंडल प्रभारी एवं सह प्रभारियों की नियुक्ति

# मंडल स्तर पर प्रभारी एवं सह प्रभारी की नियुक्तियों से सरकार की योजनाओं का अधिक क्रियान्वन होगा: राजवीर सिंह राजावत

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन अग्रवाल एवं जिला संगठन प्रभारी रवि नय्यर की अनुशंसा पर संगठन को मंडल स्तर पर अधिक सक्रिय बनाने हेतु एवं मंडल स्तर तक सरकार की जन कल्याणकरी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए धौलपुर जिले के जिलाध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत ने जिले के सभी 19 मंडलों पर प्रभारियों एवं सह प्रभारीयों की नियुक्ति की है। बसेड़ी शहर प्रभारी लक्ष्मण तोमर एवं सह प्रभारी दीपचंद कुशवाहा, जारगा मंडल जितेंद्र तिवारी एवं रामप्रसाद गोस्वामी, आगई मंडल संतोष गुर्जर एवं



विवेक रावत, सरमथुरा अनिल गोयल एवं रामवीर गुर्जर, बाड़ी शहर मंडल बृजराज सिंह परमार एवं रामू शर्मा, कंचनपुर मंडल ओमकार कटरा एवं लोकेंद्र सिंह परमार, सैंपऊ मंडल दिलीप पाराशर एवं गुड्डी मौर्य, वसई नवाब मंडल दुष्यंत बघेल एवं रामू सिकरवार, बिजौली जयवीर पोसवाल एवं सतवीर खिरोड़ा, कोठी मंडल मुकेश शर्मा एवं शिव शंकर परिहार, पुराना शहर मंडल बाचाराम बघेल एवं अशोक सिकरवार, जाटोली मंडल कमल पहाड़िया एवं हाकिम लोधा, टहरी मंडल धीर सिंह जादौन एवं रामविलास बघेला, सारानीखेड़ा मंडल नंद किशोर शुक्ला एवं दिनेश कुशवाह, राजाखेड़ा शहर मंडल प्रदीप सिसोदिया एवं शशिकांत शर्मा, नायला मंडल विजय त्यागी एवं मुकेश सक्सेना, मरैना मंडल हेम सिंह लोधा एवं राम प्रसाद बघेल, मांगरोल मंडल विनय परमार एवं हरेंद्र राव, मनियां मंडल डा मनोज शर्मा एवं लोकेंद्र सिंह चौहान मंडल के प्रभारी एवं सह प्रभारी नियुक्त किया गया है। सभी नवनियुक्त प्रभारी एवं सह प्रभारीयो ने शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद दिया।

# सांसद ने क्षेत्रीय जनसमस्याओं को सुन शीघ्र समाधान का दिया आश्वासन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** करौली-धौलपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद भजनलाल जाटव के क्षेत्रीय दौरे के दौरान कार्यक्रम में शामिल होकर क्षेत्र की जनसमस्याओं से उन्हें अवगत कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्रवासियों की ओर से सांसद का गर्मजोशी से स्वागत एवं सम्मान किया गया। स्थानीय नागरिकों ने सड़क, पानी, बिजली, स्वास्थ्य एवं शिक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को विस्तार से उनके समक्ष रखा। सांसद ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास और जनहित के कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने क्षेत्र के समग्र विकास के लिए मिलकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस मौके पर निकाय प्रकोष्ठ कांग्रेस कमेटी जिलाध्यक्ष नासिर ने सांसद को स्थानीय समस्याओं से अवगत कराया।



धौलपुर..क्षेत्र में मौजूद सांसद भजनलाल जाटव व अन्य

# महात्मा ज्योतिराव फुले की जयंती पर बाबा साहब को जानो प्रतियोगिता का आयोजन

### प्रशासन ने मनाया ज्योतिराव फुले का 199वां जन्मोत्सव, प्रताप मंच पर आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** शहर में डॉ. भीमराव अंबेडकर शोभायात्रा समिति द्वारा शनिवार से बाबा साहिब बीआर अंबेडकर जयंती महोत्सव का आयोजन शुरू कर दिया गया है। प्रथम दिन महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर सरमथुरा रोड स्थित अंबेडकर भवन में स्कूली बच्चों के लिए बाबा साहब को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के जूनियर और सीनियर वर्ग में 147 बच्चों ने भाग लिया। वहीं उपखंड प्रशासन द्वारा शहर के महाराणा प्रताप के मैदान के मंच पर महात्मा ज्योति राव फुले की जयंती का आयोजन किया गया।

डॉ बीआर अंबेडकर शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष जेपी रावत ने बताया की बाबा साहब की जयंती समारोह को धूमधाम से मनाने के लिए इस प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसके जूनियर और सीनियर वर्ग में 147 बच्चों ने भाग लिया है। दोनों वर्गो में जो भी बच्चे प्रथम,द्वितीय और तृतीय स्थान हासिल करेंगे। उनको 14 अप्रैल को महाराणा प्रताप खेल मैदान पर आयोजित अंबेडकर जयंती के मुख्य समारोह में मंच से सम्मान किया जाएगा। दोनों वर्गों में प्रथम स्थान पर आने वाले बच्चों को साइकिल दी जाएगी। इस दौरान शोभायात्रा समिति से जुड़े राजवीर पार्षद, बादशाह बाबू, बदन सिंह, जसवंत सिंह, कबीर शरण, मानसिंह, अमर सिंह पुनिया, योगेश पालीवाल सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। वही उपखंड अधिकारी भागवत शरण त्यागी की अध्यक्षता में उपखंड प्रशासन द्वारा शहर के महाराणा प्रताप खेल मैदान मंच पर महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती समारोह का आयोजन किया। इस दौरान फूले की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किए गए और उनके बताएं गए समाज सुधार और शिक्षा से जुड़े सिद्धांतों पर सभी अधिकारियों और शहर के गणमान्य नागरिकों द्वारा चर्चा की गई। कार्यक्रम में तहसीलदार मुकेश कुमार मीणा, नगर पालिका ईओ उत्तमचंद बंसल के साथ सुरेश भारद्वाज, सैफ सईद, अनिल गोयल, राजबहादुर मीणा, चन्द्रप्रकाश मीणा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।



बाड़ी.. खेल मैदान प्रताप मंच पर जयंती में शामिल अधिकारी और अन्य।

## बसई डांग पुलिस ने पकड़ा तीन वर्ष से फरार दस हजार का इनामी बदमाश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड की बसई डांग थाना पुलिस ने 3 वर्ष से फरार चल रहे डकैती की योजना और हत्या के प्रयास के एक इनामी बदमाश को मुखबिर की सूचना पर भरतपुर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आए बदमाश से अब पुलिस पूछताछ में जुटी है।

बसई डांग थाना अधिकारी दुर्ग सिंह ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देश पर बांछित अपराधियों के खिलाफ ऑपरेशन प्रहार अभियान चलाया हुआ है। उक्त अभियान के तहत फरार चल रहे संगीन मामलों के अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर प्रयास किया जा रहा है। ऐसे में जरिये मुखबिर सूचना मिली कि थाने के मोस्ट वांटेड टॉप 10 अपराधियों में शामिल दस हजार का इनामी बदमाश बंटी पुत्र जगन्नाथ गुर्जर भरतपुर में देखा गया है। उक्त सूचना पर पुलिस एएसआई जयदेव, हेड कांस्टेबल भगवान सिंह, कांस्टेबल नत्थन, राहुल शर्मा की टीम बनाकर मौके पर रवाना की गई। जहां उन्होंने आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्त में आया आरोपी गज्जीपुरा थाना बाड़ी सदर निवासी बंटी पुत्र जगन्नाथ गुर्जर है। जिसने 3 वर्ष से पहले डकैत रामलखन गुर्जर की गैंग के साथ पुलिस पार्टी पर हमला किया था। उक्त हमले बाद से आरोपी फरार चल रहा था। इसको लेकर आरोपी पर एसपी धौलपुर द्वारा आरोपी पर दस हजार का इनाम घोषित किया गया। आरोपी के खिलाफ थाने पर आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज है। पूछताछ जारी है।

# जेपी होम्यो क्लिनिक पर मनाया डॉ. सैमुअल हैनिमेन का 271वां जन्मदिवस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर शहर के जेपी होम्यो क्लिनिक पर शनिवार को डॉ सैमुअल हैनिमेन का 271वां जन्मदिवस मनाया गया। इस मौके पर डॉ. जगदीश उर्फ जग्गा व डॉ. राहुल ने हैनिमेन चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। डॉ. जगदीश ने कहा कि लोगों में होम्योपैथी के प्रति लोकप्रियता तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने कहा हम फेल हो सकते हैं लेकिन होम्योपैथी कभी फेल नहीं होती है। इस मौके पर डॉ. राहुल ने बताया कि होम्योपैथी का मूल सिद्धांत है रोग को नहीं रोगी को ठीक करो। जहां आधुनिक चिकित्सा पद्धिति अक्सर नियंत्रित करने पर केन्द्रीत रहती है। वहीं होम्योपैथी शरीर की स्वनियमन क्षमता को सक्रिय करती है। उन्होंने कहा कि डॉ. हैनीमैन ने होम्योपैथी के माध्यम से चिकित्सा जगत को एक नई और सुरक्षित दिशा प्रदान की। इस मौके पर डॉ. दुर्गसिंह, डॉ. नवनीत, डॉ. हरीश त्यागी, लोकेन्द्र, विवेक, अंकित आदि मौजूद रहे।



धौलपुर...डॉ. सैमुअल हैनिमेन के चित्र पर माल्यार्पण करते डॉ. राहुल

## बोलेरों ने मारी बाइक को टक्कर देवर, भाभी और भतीजी घायल

### धौलपुर रोड़ पर सड़क हादसा

### देवर की हालत गंभीर धौलपुर रेफर



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड के धौलपुर रोड पर सरीखी गांव के पास शनिवार की शाम सड़क हादसा हुआ है। धौलपुर से बाइक से लौट रहे देवर,भाभी और भतीजी को बोलेरो गाड़ी ने टक्कर मारी है। दुर्घटना में घायल हुए लोगों को बाद में चालक ने ही बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां से घायल देवर को गंभीर हालत के चलते जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है घायल तीजी और भाभी का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।

घटना में घायल हुई महिला रानी पत्नी देवेंद्र जाटव ने बताया कि वह अपने देवर देवेश पुत्र सुरेश जाटव के साथ आज सुबह बसेड़ी के बरई गांव से धौलपुर डॉक्टर को दिखाने गई थी साथ में उसकी बेटी रूबी भी थी। सभी लोग डॉक्टर से मिलने के बाद दवाई लेकर शाम 5 बजे के करीब बाड़ी लौट रहे थे। इस दौरान सरीखी गांव के पास बोलेरो ने टक्कर मार दी।

दुर्घटना के बाद तीनों सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। घायलों को बोलेरो चालक ने ही लोगों के सहयोग से उठाकर बोलेरो से बाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया है। उनके देवर देवेश पुत्र सुरेश जाटव की हालत गंभीर होने के चलते उसे जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया है। घायल रानी और उसकी बेटी रूबी का उपचार बाड़ी अस्पताल में जारी है।

# सामाजिक सरोकारों के अग्रणी शिक्षक नंदकिशोर लोधी की विशिष्ट उपब्धियों पर शिक्षक संघ ने किया सम्मान

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** पिछले एक दशक से भी अधिक समय से गर्मियों की ऋतु में पशु पक्षियों के लिए दाने पानी की सेवा के साथ राहगीरों एवं आम जन के लिए शीतल जल की सार्वजनिक प्याऊ के माध्यम से अपने हाथों से नियमित जल सेवा में तत्पर रहने वाले राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मूसलपुर के अध्यापक नंदकिशोर लोधी का राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की और से स्थानीय एआर पैलेस में सम्मान किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के जिलाध्यक्ष राजेश शर्मा मौजूद रहे। जबकि अध्यक्षता कलावती देवी द्वारा की गई। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामबेटी मौजूद रहीं। शुरुआत में संघ के जिलाध्यक्ष हरी सिंह गुर्जर, उपाध्यक्ष केदार सिंह बघेल व अवधेश सारस्वत, अनिल मिश्रा, केशव देव शर्मा, व्याख्याता राजेश कुमार शर्मा, पुरुषोत्तम शुक्ला, फिरोज खान आदि पदाधिकारी ने सेवाभावी शिक्षक नंदकिशोर लोधी का माल्यार्पण साफा बांधकर एवं साल उड़ाकर स्वागत किया गया। अध्यापक नंदकिशोर लोधी ने कहा कि उन्होंने अपने 37 वर्ष 4 महीने के सेवाकाल में सदैव पूरी ईमानदारी के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा देने के साथ सदैव सामाजिक कार्यो को भी नैतिक जिम्मेदारी समझकर किया है। इस मौके पर अनिल शर्मा, सुनील कुमार, अशोक शर्मा, दीपेश सिंघल, बालकिशन शर्मा, हेमेंद्र तोमर, प्रदीप शर्मा, फिरोज खान, नरेंद्र शर्मा, कैलाश चंद, दिनेश शर्मा, मोनू रजक, हरीश शर्मा, कैलाश सेनी, गुड्डन सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।



## खेत जा रहे युवक की ट्रेन से कटकर मौत

**धौलपुर।** खेत की ओर जा रहे एक युवक की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। यह घटना तब हुई जब युवक आगरा की ओर जाने वाली रेलवे पटरी पार कर रहा था। अचानक आई ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही स्टेशन मास्टर ने तत्काल जीआरपी चौकी पुलिस को सूचित किया। जीआरपी हेड कांस्टेबल महेंद्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कार्रवाई शुरू की। शुरुआती जांच में युवक की पहचान नहीं हो सकी, जिसके बाद शव को मोर्चरी में रखवाया गया। बाद में मृतक की पहचान गडरपुरा निवासी सत्येंद्र (25 वर्ष) पुत्र सियाराम के रूप में हुई है। परिजनों ने पुलिस को बताया कि सत्येंद्र खेतों पर काम करने के लिए जा रहा था, तभी यह हादसा हुआ। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

!! पंचम पुण्यतिथि !!



सेठ श्री निरोत्तमलाल गोयल

(पुण्यतिथि 12.04.2021)

'दुआओं की शक्ल में आप हमेशा हमारे साथ हैं, हमारे हर सुख-दुःख में आपका ही हाथ है।"

-: श्रद्धावनत :-

रामसेवक (भाई), शैलेष, डॉ. राजेश, रूपेश (पुत्र), साधना, डॉ. प्रीति (पुत्रवधु), सपना- अरुण (पुत्री- दामाद-USA), गोपाल, विष्णु, महेश, श्यामबाबू, पंकज, सूरज (भतीजे), मृदुल, आदित्य, देवाशीष (पौत्र), भव्या-देवाशीष, डॉ. अरुन्धति-डॉ. उत्कर्ष (पौत्री- पौत्री दामाद), इशिता (पौत्री)

-: प्रतिष्ठान :-

- श्री निरोत्तम लाल इंडस्ट्रीज मोदी तिराहा धौलपुर
- श्री निरोत्तम लाल इंडस्ट्रीज I-80 riico इंडस्ट्रियल एरिया धौलपुर
- आयुष्मान हॉस्पिटल घंटाघर के पास धौलपुर ❖ सेलेब्रिटी फेस्टिवल Inc USA

संपर्क सूत्र - 9414026681, 9414206959.

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक - चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए आकाशदीप प्रिंटर्स एण्ड पब्लिशर्स, सेक्टर 11 अग्रवाल फार्म, जयपुर (राज.) राजस्थान से मुद्रित एवं जी-9, गंगासागर अपार्टमेंट, बी-192, गंगासागर कॉलोनी, आम्रपाली मेन रोड, वैशाली नगर जयपुर (राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2013/48948
प्रधान सम्पादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे मोबा. 9425126060 । स्थानीय संपादक गौतम गोस्वामी मोबा. 9772455444, : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय सम्पादक जिम्मेवार। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर न्यायालय होगा।